Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच




वर्षः 07 अंकः 58 | सोमवार, 02 मार्च-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# नागपुर बारूद फैक्ट्री में धमाका, 17 लोगों की मौत

## पीएम मोदी ने 2 लाख की मदद का ऐलान किया

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नागपुर।** नागपुर से एक अत्यंत दुखद खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एक तरफ जहां सीमा पर तनाव की खबरें हैं, वहीं दूसरी तरफ महाराष्ट्र के नागपुर में एक औद्योगिक इकाई में हुए भीषण विस्फोट ने कई परिवारों को उजाड़ दिया है।

रविवार, 1 मार्च 2026 की सुबह नागपुर जिले के कटोल तालुका स्थित एक विस्फोटक निर्माण इकाई (रइछ कंपनी) में भीषण विस्फोट हुआ। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है, जबकि कई अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हैं। धमाका इतना शक्तिशाली था कि फैक्ट्री की 'डेटोनेटर पैकिंग यूनिट' पूरी तरह मलबे में तब्दील हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने निम्नलिखित सहायता की घोषणा की हैः मृतकों के परिजनों कोः प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि। घायलों कोः गंभीर रूप से घायल प्रत्येक व्यक्ति को 50,000 रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। घायलों को नागपुर के ऑरेंज सिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जबकि कुछ गंभीर रूप से घायलों को इमरजेंसी इलाज के लिए पास के सरकारी हॉस्पिटल में शिफ्ट किया गया है। मेडिकल टीमें उनकी हालत पर नजर रख रही हैं। घटना के तुरंत बाद ज़िला और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे, और हालात को कंट्रोल करने के लिए फायर ब्रिगेड की टीमों को तैनात किया गया। अधिकारियों ने इलाके को घेर लिया है और बचाव अभियान जारी है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने ढळक को बताया कि धमाका सुबह 7 बजे से 7.15 बजे के बीच डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में हुआ। कई घायल मजदूरों को तुरंत इलाज के लिए नागपुर के एक हॉस्पिटल ले जाया गया, जबकि मौके पर बचाव अभियान जारी रहा।

कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि अधिकारी नुकसान का अंदाजा लगाने और घटना के कारण की जांच करने के बाद जल्द ही एक डिटेल्ड बयान जारी करेंगे।

अधिकारियों ने कहा कि धमाके का सही कारण अभी पता नहीं चला है। यह पता लगाने के लिए एक डिटेल्ड जांच शुरू की गई है कि धमाका कैसे हुआ और क्या फैसिलिटी में सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन किया गया था। नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स (ठऊफ्क्र) की टीमों को भी बचाव और रिकवरी ऑपरेशन में लोकल अधिकारियों की मदद के लिए साइट पर तैनात किया गया है।

## पुडुचेरी से पीएम मोदी का कांग्रेस पर तीखा हमला, बोले- इन्होंने सिर्फ विकास में बाधा डाली

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी ने पुडुचेरी के विकास में बाधा खड़ी कर दी है। पुडुचेरी में एक कार्यक्रम में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में भ्रष्टाचार, अपराध और गरीबों का दुख-दर्द व्याप्त रहा। उन्होंने आगे कहा कि दो इंजन वाली एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस-डीएमके के पूर्व शासनकाल में पुडुचेरी के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

उन वर्षों में राजनीतिक अस्थिरता, भ्रष्टाचार के आरोप, बढ़ते अपराध और गरीबों की उपेक्षा देखी गई। मोदी ने कहा क जब मैं पहले यहां आया था, तब मैंने 'सर्वश्रेष्ठ पुडुचेरी' का नारा दिया था। 'सर्वश्रेष्ठ' का अर्थ है व्यापार, शिक्षा, आध्यात्मिकता और पर्यटन।

पिछले साढ़े चार वर्षों में यह परिकल्पना फलदायी साबित हो रही है। पुडुचेरी ने सुशासन और विकास देखा है। उन्होंने पुडुचेरी में बुनियादी ढांचे, शहरी सेवाओं, औद्योगिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और सतत विकास को मजबूत करने के उद्देश्य से 2,700 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये परियोजनाएं पुडुचेरी के लोगों के जीवन में बदलाव लाएंगी। उन्होंने पर एक पोस्ट में कहा कि पुडुचेरी के अद्भुत लोगों के बीच आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। आज कई विकास कार्यों का शुभारंभ किया जा रहा है, जिनसे जीवन स्तर में सुगमता आएगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया, जिनमें पीएम ई-बस सेवा पहल के तहत ई-बसों का शुभारंभ, स्मार्ट सिटी मिशन के तहत एकीकृत कमांड और कंट्रोल सेंटर, सिटी इन्वेस्टमेंट्स टू इनोवेट, इंटीग्रेट एंड सस्टेन (उक्ळक्क्र) पहल के तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आवास और पुडुचेरी सरकार की सीवरेज और जल आपूर्ति क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कराईकल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ब्लॉक और गंगा हॉस्टल का भी उद्घाटन किया।

## इजरायल-ईरान जंग के बीच प्रियंका गांधी को याद आए महात्मा गांधी, बोलीं

## आंख के बदले आंख दुनिया को अंधा बना देगी

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या को घृणित बताया और कहा कि अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले स्पष्ट रूप से निंदा के योग्य हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, गांधी ने कहा कि लोकतांत्रिक दुनिया के तथाकथित नेताओं द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के नेतृत्व की लक्षित हत्या और असंख्य निर्दोष लोगों की हत्या घृणित है और इसकी कड़ी निंदा की जानी चाहिए, चाहे इसका घोषित कारण कुछ भी हो। उन्होंने आगे कहा कि दुखद रूप से, अब कई राष्ट्र इस संघर्ष में घसीटे जा रहे हैं। महात्मा गांधी के कथन 'आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा कर देती है' को याद करते हुए, प्रियंका गांधी ने कहा कि दुनिया को शांति की जरूरत है, अनावश्यक युद्धों की नहीं। उन्होंने पर कहा कि मुझे उम्मीद है कि इजराइल के प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति ट्रम्प के सामने घुटने टेकने के बाद, हमारे प्रधानमंत्री प्रभावित देशों में फंसे सभी भारतीय नागरिकों को सुरक्षित वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इससे पहले दिन में, आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे एक युग का अंत बताया और भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों पर प्रकाश डाला।

## लखनऊ की सड़कों पर ईरान-अमेरिका टेंशन का असर, खामेनेई की हत्या पर शिया समुदाय का भारी विरोध

वेलकम इंडिया नेटवर्क




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को पुराने इलाकों में बड़ी संख्या में लोग अमेरिका और इजराइल के संयुक्त सैन्य हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में सड़कों पर उतर आए।

प्रमुख शिया धर्मगुरु मौलाना यासूब अब्बास ने आज खामेनेई की हत्या की निंदा करते हुए इसे वैश्विक समुदाय के लिए 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण' बताया। एएनआई से बात करते हुए शिया धर्मगुरु ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। दुनिया सोचती है कि खामेनेई की हत्या से ईरान का अंत हो जाएगा... अमेरिका और इजराइल को ईरान से मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। आज रात 8:30 बजे लखनऊ के इमामबाड़ा में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अखिल भारतीय शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने तीन दिन के शोक की घोषणा की है, जिसके दौरान हम सभी काले कपड़े पहनेंगे और अपने घरों पर काले झंडे फहराएंगे।

इस बीच, ईरान में 40 दिनों का सार्वजनिक शोक मनाया जा रहा है। रॉयटर्स ने ईरानी सरकारी मीडिया के हवाले से यह जानकारी दी है। भारत में ईरान के दूतावास ने आज ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई की हत्या की कड़ी निंदा की और इस कृत्य को 'अक्षम्य अपराध' करार दिया। दूतावास ने विश्व भर की सरकारों से इस हत्या की निंदा करने का आग्रह किया। उसने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर का एक बयान भी साझा किया, जिसमें ईरान द्वारा कुवैत में एक अमेरिकी जहाज और नौसैनिक अड्डे पर की गई सैन्य कार्रवाई का जिक्र है।

एक पोस्ट में, दूतावास ने कहा कि भारत गणराज्य में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान का दूतावास, संयुक्त राज्य अमेरिका और इजरायल की जायोनी सरकार द्वारा किए गए क्रूर और आपराधिक हमलों के बाद महामहिम अयातुल्ला सैयद अली खामेनेई की शहादत पर गहरा शोक और दुख व्यक्त करता है। दूतावास इमाम महदी (ईश्वर उनके पुनरागमन को शीघ्र करें), मुस्लिम उम्माह, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के महान राष्ट्र और विश्व के सभी स्वतंत्रता-प्रेमी राष्ट्रों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता है।

## कर्नाटक कांग्रेस में पॉवर गेम। शिवकुमार बोले- सीएम पद के लिए मेरा नाम न घसीटें

वेलकम इंडिया नेटवर्क



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने पार्टी के आंतरिक राजनीतिक दांव-पेचों से जुड़ी अटकलों से खुद को सार्वजनिक रूप से अलग कर लिया और विधायकों से आग्रह किया कि वे अपने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उनके नाम का इस्तेमाल न करें। विधायकों के दिल्ली दौरे और संभावित पद-परिवर्तन की चचाओं के बीच बेंगलुरु में पत्रकारों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि मैं आप सभी से अनुरोध करता हूं, कृपया ऐसा न करें। कोई भी मेरी ओर से न बोले।उन्होंने आगे कहा कि यदि आपके अपने मुद्दे हैं, यदि आप विधायक हैं और मंत्री बनना चाहते हैं, सत्ता चाहते हैं या अध्यक्ष पद चाहते हैं, तो आप आगे बढ़ें और उसके लिए प्रयास करें। लेकिन कृपया मुझे इसमें न घसीटें। मैं आप सभी से अनुरोध कर रहा हूं। कुछ विधायकों के राष्ट्रीय राजधानी का दौरा करने या विदेश यात्रा करने की खबरों पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवकुमार ने कहा कि उन्हें ऐसी किसी भी गतिविधि की जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि विधायकों के दिल्ली या विदेश जाने के बारे में मुझे कुछ भी पता नहीं है और मैं इस मामले में हस्तक्षेप भी नहीं करूंगा। अपने भाई डीके सुरेश के हवाले से कही गई उन टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, जिनमें कहा गया था कि अगर किस्मत ने उनका साथ दिया तो वे मुख्यमंत्री बन सकते हैं।

शिवकुमार ने इन अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि सब लोग एक ही बात कह रहे हैं। मैंने ऐसा कुछ नहीं कहा है। कांग्रेस विधायक दल के भीतर समर्थन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने जोर देकर कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत सभी 139 विधायक एकजुट हैं। शिवकुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री समेत सभी 139 विधायक उनका समर्थन कर रहे हैं,' यह कहकर उन्होंने आंतरिक चचाओं को शांत करने और पार्टी की एकता की तस्वीर पेश करने का प्रयास किया।

# सलीम वास्तिक पर हमला करने वाले जीशान से पुलिस की हुई मुठभेड़










कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** लोनी में हुए सलीम स्वास्तिक पर जानलेवा हमले में जीशान से पुलिस की मुठभेड़ हुई है लोनी इलाके में यह मुठभेड़ हुई है मुठभेड़ में जीशान के गोली लगी है वही दो पुलिसकर्मी भी इस मुठभेड़ में घायल बताए जा रहे हैं। दरअसल सलीम पर जानलेवा हमला करने के बाद मोटरसाइकिल सवार होकर दो बदमाश भागने में कामयाब रहे थे लेकिन पुलिस ने जब उन बदमाशों को ढूंढने का प्रयास किया तो पुलिस को सीसीटीवी में मोटरसाइकिल का नंबर मिला जिस नंबर को ट्रैक करते हुए बदमाश जीशान की पहचान हुई।

जीशान और उसका एक साथी सलीम पर जानलेवा हमला करने के बाद मौके से फरार होकर गाजियाबाद के खोड़ा इलाके में पहुंच गए थे। यह जानकारी पुलिस अधिकारी ने दी पुलिस अधिकारी ने बताया कि पूछताछ में जीशान ने बताया कि वह खुदा में रह रहा था और काफी समय से सलीम पर जानलेवा हमले की कोशिश में जुटा हुआ था। हालांकि जीशान को जब घायल अवस्था अस्पताल में भर्ती कराया गया तो कुछ ही देर बाद उपचार के दौरान जीशान ने दम तोड़ दिया।

जीशान पर पुलिस ने 100000 का इनाम भी घोषित कर दिया था पुलिस अधिकारियों की माने तो मुठभेड़ में फरार हुए बदमाश की तलाश में पुलिस ने टीमों का गठन किया है उसे भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा आज हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चेकिंग के दौरान जब मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को रोकने का इशारा किया तो उन्होंने मोटरसाइकिल को दूसरे दिशा में भगाते हुए पुलिस पार्टी पर जानलेवा हमला कर दिया अब तक पुलिस भी समझ चुकी थी क्योंकि मुखबिर के द्वारा लगातार पुलिस कोई है इनपुट मिल रही थी कि सलीम पर हमला करने के बाद हमलावर बदमाश लोनी में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पहुंच सकते हैं। बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़ हुई है और इस फुटवियर में मुख्य आरोपी जीशान की मौत हुई है हालांकि मुठभेड़ के दौरान अंधेरे का फायदा उठाकर एक बदमाश भागने में कामयाब रहा है।

## संपादक की कलम से

# ऑल राउंडर इंजीनियर



ललित कुमार
संपादक

इंजीनियरिंग का पेशा भारतीय लोकतंत्र का वह अद्भुत स्तंभ है, जिस पर राष्ट्र निर्माण का बोझ उतना नहीं होता, जितना उस कुर्सी का होता है जिस पर बैठकर साहब 'क्लीयरेंस' की फाइल दबाए रहते हैं। नवाबगंज की गलियों से अगर कोई इंजीनियर निकलता, तो वह निश्चित रूप से किसी पुल का एस्टीमेट बना रहा होता, जो कागज पर तो गंगा पार कर जाता, पर असलियत में नाले के ऊपर भी खड़ा होने से कतराता। इस पेशे की पहली शर्त ही यह है कि आपके पास एक ऐसी डिग्री हो जो आपको यह समझा सके कि दुनिया की हर समस्या का समाधान 'जुगाड़' और 'रिवाइज्ड एस्टीमेट' में छिपा है। इंजीनियर वह प्राणी है जो थ्योरी में तो आइंस्टीन को मात दे दे, लेकिन साइट पर खड़ा होकर बेलदार को यह समझाने में पसीने छोड़ देता है कि ईंट को सीधा कैसे रखा जाता है। यहाँ ज्ञान की नहीं, बल्कि उस कौशल की पूजा होती है जिससे आप सरकारी ऑडिट के दौरान सीमेंट की बोरियों और अपनी अंतरात्मा के गायब होने का तर्क एक साथ दे सकें। इंजीनियरिंग कॉलेज का वह दौर किसी आध्यात्मिक आश्रम से कम नहीं होता, जहाँ छात्र चार साल तक इस सत्य की खोज करते हैं कि बिना कुछ पढ़े परीक्षा कैसे पास की जाए। शुक्ल जी की कलम होती तो वह बताते कि कैसे एक छात्र 'स्ट्रेंथ ऑफ मैटेरियल्स' की किताब को तकिया बनाकर सोता है, शायद इसी उम्मीद में कि ज्ञान ऑस्मोसिस के जरिए दिमाग में उतर जाए। वहाँ लेबोरेटरी में रखी मशीनें उतनी ही पुरानी और थकी हुई होती हैं, जितनी कि विभाग के हेड की शेरवानी। छात्र वहां यह नहीं सीखता कि पुल कैसे बनाया जाए, बल्कि वह यह सीखता है कि अगर पुल गिर जाए, तो उसके मलबे को 'प्राकृतिक आपदा' या 'मिट्टी की खराब गुणवत्ता' का नाम देकर खुद को कैसे बचाया जाए। यह वह प्रशिक्षण केंद्र है जहाँ भविष्य के 'अधिशाषी अभियंता' अपनी रीढ़ की हड्डी को फाइलों के सामने झुकाने का पहला रियाज शुरू करते हैं। जब एक फ्रेशर इंजीनियर पहली बार 'साइट' पर उतरता है, तो उसका उत्साह ठीक वैसा ही होता है जैसे किसी नई नवेली बहू का ससुराल में पहला कदम। उसे लगता है कि वह कंक्रीट और लोहे से नया भारत रचेगा, लेकिन जल्द ही उसका पाला 'ठेकेदार' नाम के उस शाश्वत सत्य से पड़ता है, जो इंजीनियरिंग के सारे सिद्धांतों को अपनी जेब में रखकर घूमता है। ठेकेदार का गणित श्रीलाल शुक्ल के पात्रों जैसा ही टेढ़ा और मजबूत होता है; वह जानता है कि इंजीनियर साहब को कितनी चाय पिलानी है और फाइल पर कितने वजन का पत्थर रखना है। साहब की ड्राइंग और ठेकेदार की नीयत के बीच जो संघर्ष होता है, उसमें जीत हमेशा नीयत की ही होती है। अंत में, इंजीनियर साहब भी यह मान लेते हैं कि कंक्रीट में सीमेंट कम और दुआएँ ज्यादा मिलाई जाएं, तो ही ढांचा टिका रहेगा, वरना कागजी कार्यवाही तो हमेशा दुरुस्त रहती ही है। किसी भी सरकारी महकमे में इंजीनियर का कमरा एक ऐसा जादुई गलियारा है, जहाँ वक्त की रफ़्तार 'पेंडिंग' फाइलों के ढेर से तय होती है। वहां दीवार पर लगा नक्शा उतना ही पुराना होता है, जितनी कि साहब की वह फाइल जिस पर 'अति आवश्यक' की मोहर लगी होने के बावजूद धूल की परतें जमी होती हैं। मेज पर पड़ा पेपरवेट किसी दार्शनिक की तरह शांत रहता है, मानो कह रहा हो कि जब तक नीचे से 'पत्तियों' की गर्माहट नहीं मिलेगी, तब तक ऊपर का चक्का नहीं घूमेगा। यहाँ टेक्निकल टर्म्स का इस्तेमाल समस्याओं को सुलझाने के लिए नहीं, बल्कि आगंतुक को डराने और उलझाने के लिए किया जाता है।

## मेरी तन्हाई

### उदय किशोर साह



### कविता

कोई तो कह दो उनसे अब उनके घर जाकर
अंधेरी रात गुजर गई मेरी बेबसी पे तन्हाई
क्यूं नहीं उस बेरहम कातिल उनकी दिल को
मेरी तड़प पे रहम क्यूं नहीं अब तक आई

पहाड़ों की चोटी से आती शीतल हवा भी
मेरी जज्बातों को जला कर हँसी उड़ाई
पुरवाई ने भी उन्हें जाकर पैगाम पहुँचाई
फिर भी बेवफा को क्यूँ मेरी समझ ना आई

गर पागल हो मिट जायेगी मेरी ये वजूद
फिर सोंच लेना तेरा भी क्या होगा अंजाम
चैन लुट जायेगी बेबस जग में हो। जायेगी
कलवरिया में जाकर लेती रहेगी जाम पे जाम

तेरी बेवफाई से मैं जग में हो जाऊँ शर्मसार
पर तुम भी खुशी से जी ना कभी पाओगी
जब चला जाऊँगा इस दुनियां से हो रुखसत
फिर जीवन भर मेरे नाम की आसूँ बहायेगी

मेरी अक्स जब तेरी ख्वाबों में कभी आये
तेरी चाहत की ना हो पायेगी कभी भरपाई
जैसे मेरे अरमान तड़प दम तोड़ रहा है
तेरी भी नींद में बजेगी गम की शहनाई

जग छोड़ कर जब चला जाऊँगा में एक दिन
मेरी दीदार को रोयेगी सनम तेरी बेबस नजर
तब बहुत ही पछतायेगी तेरी। बेशर्म बेवफाई
और कभी ना लौट कर आयेगें हम तेरी शहर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, सन्देश और सियासत



तनवीर जाफरी
लेखक



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किये गये सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गयी है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां, मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक़सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नयी आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नयी आबकारी नीति रद्द कर दी गयी। इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया। अब जहाँ संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवतः हाई कोर्ट का रुख कर सकती है। बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ़्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुये या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ़्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुनः मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने टवऊअ स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूँही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का ऋम्टअ नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। परन्तु अभी तक कोई गिरफ़्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव, डी शिवकुमार, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है।

पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें 'क्लीन चिट' दे दी। इसके आधार पर आरोप तय करने के सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया गया। परन्तु केंद्र सरकार के अधीनस्थ कार्यरत ईडी, सी बी आई या आयकर जैसे विभाग विपक्षी नेताओं पर कोई न कोई आरोप मढ़कर उन्हें न केवल परेशानियों में डाल देते हैं बल्कि इस तरह के आरोपों से उनके राजनैतिक चरित्र को भी दागदार बनाने की पूरी कोशिश करते हैं। और सही मायने में जो वास्तव में भ्रष्ट होते हैं वे तो आनन-फानन में दल बदल कर भजपाई 'वाशिंग मशीन' से गुजरकर 'चरित्रवान' होने का प्रमाण पत्र हासिल कर लेते हैं। और भय वश उपजी इस प्रीत के बदले में उन्हें कहीं मुख्य मंत्री तो कहीं उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद या अन्य उच्च पदों पर 'सुशोभित' कर दिया जाता है। आंकड़े यूँही नहीं बताते कि ईडी ने 2014 से लेकर अब तक करीब 121 प्रमुख नेताओं पर मामले रजिस्टर्ड किये इन में 95% विपक्षी नेता थे। और 2015 से 2025 तक ईडी द्वारा दर्ज 193 मामलों में केवल 2 ही दोष सिद्धियां हुईं। शेष अधिकांश मामलों में या तो अदालत ने आरोपियों को राहत दी या फिर सुबूतों के अभाव में मामले कमजोर पड़ गये।

जहाँ तक केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के बाद उपजी सियासत का सवाल है तो जहां अदालती फैसला आते ही विपक्ष एकजुट होकर केजरीवाल के साथ खड़ा नजर आ रहा था वहीं केजरीवाल का बिलख बिलख कर रोते हुये मीडिया के सामने पेश होकर अपनी बेगुनाही का सुबूत देना चाह रहे थे। और हद तो तब हो गयी जबकि उसी दिन बुलाई गयी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वे उन्हें जेल भेजने वाली भाजपा से भी ज्यादा कांग्रेस पर ही निशाना साधते नजर आये। सत्ता से सवाल पूछने के बजाये वे यह कहते सुनाई दिये कि 'केजरीवाल जेल गया, क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए, क्या राहुल गांधी जेल गए? मनीष सिसोदिया जेल गए, क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस किस मुंह से बात करती है, शर्म नहीं आती?' जाहिर है यह केजरीवाल की राजनीतिक बयानबाजी का ही एक हिस्सा था जिससे विपक्षी एकता कमजोर हुई। क्योंकि अब कांग्रेस भी पूछ रही है कि 30 से अधिक मामलों से जूझने वाले राहुल की आँखों में कभी आंसू नहीं आये तो केवल एक मामले का सामना करने में केजरीवाल का इसतरह मीडिया के सामने रोने का क्या अर्थ है? केजरीवाल के कांग्रेस विरोधी बयान को राजनैतिक विश्लेषक पंजाब, उत्तराखंड, गोवा व गुजरात में होने वाले आगामी चुनावों से जोड़कर भी देख रहे हैं। और इसे आप व भाजपा की कांग्रेस विरोधी संयुक्त रणनीति का हिस्सा बता रहे हैं। यही वजह है कि केजरीवाल संबंधी अदालती निर्णय के संकेत इसके सन्देश और इसके पीछे की सियासत आदि सभी पहलुओं को बहुत बारीकी से समझने की जरूरत है।

# दिलों को दिल से जोड़ती पवित्र सनातनी होली

संजीव ठाकुर



फाल्गुनी रंगो से मनाई जाने वाली होली न सिर्फ भाईचारे, सौहार्द्र और प्यार, स्नेह का त्यौहार है। यह महान पर्व शत्रुता हरण करने वाला भी पवित्र त्यौहार है। होलिका दहन और रंगों के खेलने की की परंपरा अलौकिक है।होलिका दहन के रूप में समाज में व्याप्त बुराई को नष्ट करने की अद्भुत परंपरा सिर्फ हमारे देश में ही है। ऐसी विलक्षण तथा इस होलिका दहन तथा होली के इस पावन पर्व पर जुड़ी हुई है। प्राचीन सांस्कृतिक कथा के अनुसार हिरण्यकश्यपु नामक राक्षस राजा हुआ करता था। प्राचीन काल मे ब्रम्हाजी की तपस्या से उसने वरदान प्राप्त कर लिया था, कि उसे न देवता मार सके न ही कोई अन्य जीव जन्तु, न दिन मे मरे न रात मे, न अस्त्र से न शस्त्रों से, न धरती पर न आकाश मे उसकी मृत्यु हो, इस तरह उसने अमरत्व प्राप्त कर लिया था। धीरे धीरे उसे इतना घमंड हो गया कि वह अपने को भगवान विष्णु और ब्रह्मा से बढकर भगवान समझने लगा, राज्य मे कोई व्यक्ति किसी भगवान की पूजा नही कर सकता था, केवल हिरण्कश्यपु की ही पूजा हो सकती थी।

कालांतर में उसके एक पुत्र हुआ, बालक बडा ही धार्मिक प्रवृत्ति का था और भगवान विष्णु का भक्त भी, यह बात राजा को अत्यंत नागवार गुजरती थी, उसने अपने पुत्र को बहुत समझाने का प्रयास किया कि उसका पिता राजा हिरण्यकषिपु ही एकमात्र भगवान है, पर बालक अपने पिता के इस अधर्मी आदेश को नही मानता था,

बालक प्र'ाद के ऊपर सख्ती करने हेतु उसके पिता हिरण्यकशयपु ने उसे समुद्र मे फेंकने का आदेश दिया, उसे हाथी कुचलने का आदेश दिया, पहाड से नीचे फेंका गया पर भगवान विष्णु की भक्ति और दया से बालक प्र'ाद जीवित सकुशल बच गया। अंत मे राजा ने अपनी बहन और बालक प्र'ाद की बुआ होलिका का सहारा लिया, होलिका को जी तपस्या से एक ऐसे कपडे का वरदान प्राप्त था, जिसे पहनने पर वह अग्नि से जल नही सकती थी।

इसी वरदान का फायदा उठाते हुए, होलिका ने बालक प्र'ाद को गोद मे लेकर अग्नि स्नान किया, पर होलिका की चुनरी उड कर प्र'ाद पर लिपट गई, और दुष्ट होलिका जलकर भस्म हो गई, प्र'ाद फिर बच गए। इस तरह होलिका दहन का त्यौहार होलीका नामक बुराई को अग्नि से खत्म करने की प्रथा चली आई है।

प्र'ाद को राजा ने एक विशाल खंबे से बांध दिया और तलवार लेकर उसपर टूट पडा और पूछा बता तेरा भगवान कहां है, बालक ने बड़ी निडरता से कहा भगवान हर जगह हैं, आप मे, मुझ मे, आपकी तलवार मे इस, इस खंबे मे भी।

तब हिरण्यकश्यपु ने क्रोध से कहा तो देख तेरा भगवान तुझे कैसे बचाता है और उसने उसे मारने के लिए तलवार उठाई, तभी खंबे को फाड़कर एक भयानक जीव निकला, जो न नर था न दानव उसने राजा को गोद मे लिया और अपने नुकीले नाखून से राजा का पेट फाड दिया।

बालक प्र'ाद की अनन्य भक्ति को देखकर उसको भक्त प्र'ाद कहा जाने लगा। भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह भगवान ने हिरण कश्यप का वध कर अहम दंभ और बुराइयों को खत्म किया और तब से होली का त्योहार प्राचीन समय से भारत देश में मनाया जा रहा है।

होली पूरे विश्व में अनूठा, अद्भुत, अतुलनीय भाईचारे प्रेम रूप में मनाया जाता है, एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशियां मनाई जाती है, एक दूसरे को मिठाई भी खिलाई जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों का त्योहार बहुत ही खुशी से आजादी तो क्यों मनाया जाता है देश की इस महान परंपरा को प्रणाम।

# ईरान हमला : खामेनेई को खामोश करने के लिए पेंटागन बेताब



स्नेहा सिंह अग्रवाल
लेखक



अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर व्यापक हमले किए गए हैं। दूसरी ओर ईरान ने जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। इन हवाई हमलों के बाद पूरे मिडल ईस्ट में तनाव फैल गया है और क्षेत्र में बड़े युद्ध की आशंका जताई जा रही है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में ईरान में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान की जनता को संदेश दिया था कि जल्द ही मदद पहुंचेगी और सब बदल जाएगा। विश्लेषकों का मानना है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू की गई कार्रवाई उसी दिशा में कदम है।

शनिवार को अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त रूप से ईरान के कई ठिकानों पर हमला किया। विशेष रूप से ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के ठिकानों को निशाना बनाया गया। हमलों में कई लोगों के साथ खामेनेई की भी मुत हो गई। ईरान ने 'आपरेशन लायंस रोअर' के तहत अमेरिका के सहयोगी देशों के ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं।

विश्लेषकों के अनुसार इस रणनीति के पीछे पेंटागन की भूमिका प्रमुख है। लंबे समय से अमेरिका ईरान पर प्रभाव स्थापित करना चाहता रहा है। ईरान के तेल भंडार और विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य पर नियंत्रण रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है।

पेंटागन ईरान में सत्ता परिवर्तन कर अपना समर्थक नेतृत्व स्थापित करना चाहता है, जिससे क्षेत्रीय राजनीति पर उसका प्रभाव बढ़ सके। अमेरिका और इजराइल का कहना है कि खामेनेई की सत्ता हटे बिना ईरान में आधुनिक परिवर्तन संभव नहीं है। उनका आरोप है कि पिछले कई दशकों से ईरान अमेरिका विरोधी अभियानों और प्राक्सी युद्धों में शामिल रहा है।

ईरान पर आरोप है कि उसने 1983 में तेहरान स्थित अमेरिकी दूतावास संकट सहित कई घटनाओं में भूमिका निभाई और विभिन्न देशों में अमेरिकी सैनिकों को निशाना बनाया।

अमेरिका का दावा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से वैश्विक सुरक्षा को खतरा है और इसी कारण यह सैन्य कार्रवाई की जा रही है। खामेनेई की मुत के बाद उनके बेटे ने मोर्चा संभाल लिया है। लेकिन सत्ता ईरान में नेतृत्व को लेकर कई नाम चर्चा में हैं। ईरान के पूर्व शाह के पुत्र रेजा पहलवी लंबे समय से निर्वासन में हैं और पश्चिमी समर्थन के साथ राजनीतिक भूमिका निभाने की कोशिश कर रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति रूहानी को अपेक्षाकृत उदारवादी नेता माना जाता है और पश्चिमी देशों से संवाद के समर्थक रहे हैं। विदेश नीति विशेषज्ञ मौसवियन का नाम भी संभावित विकल्पों में लिया जा रहा है, जिन्होंने लंबे समय तक यूरोप में राजनयिक भूमिका निभाई है।

विश्लेषकों का मानना है कि अब सत्ता नियंत्रण में संयुक्त राज्य अमेरिका की भूमिका निर्णायक हो सकती है। जानकारों का मानना है कि अमेरिका और इजराइल ने खामेनेई को हटाने के लिए यह बड़ा जोखिम उठाया है, लेकिन इस संघर्ष का अंतिम परिणाम क्या होगा, यह आने वाला समय ही बताएगा।

# खामोशी से जान लेती सेक्सवर्धक दवाएं



डॉ. सत्यवान सौरभ
लेखक

भारत जैसे समाज में यौन स्वास्थ्य आज भी खुली बातचीत का विषय नहीं है। पुरुषों से अपेक्षा की जाती है कि वे हर हाल में 'सक्षम' रहें—चाहे उम्र, तनाव या बीमारी कुछ भी हो। इसी दबाव में डॉक्टर से सलाह लेना कमजोरी मान लिया जाता है, जबकि बिना जांच दवा खाना 'समाधान' समझ लिया जाता है। यही चुप्पी सबसे खतरनाक है। लोग अपने शरीर के संकेतों को अनदेखा करते हैं, मानसिक तनाव को दबाते हैं और सामाजिक छवि बचाने के लिए जोखिम उठाते हैं। नतीजा यह होता है कि एक अस्थायी समाधान स्थायी मौत में बदल जाता है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं, बल्कि एक गहरी सामाजिक असफलता है। भारत में समय-समय पर सामने आने वाली कुछ मौतें सुर्खियों में आ जाती हैं, लेकिन उनसे जुड़ी असहज सच्चाइयों पर समाज अक्सर चुप्पी साध लेता है। होटल के कमरों, निजी फ्लैटों और बंद दरवाजों के पीछे हुई मौतों को 'संदिग्ध परिस्थितियों' कहकर दर्ज कर दिया जाता है और मामला यहीं खत्म मान लिया जाता है। लेकिन सच्चाई यह है कि ऐसी घटनाएं अपवाद नहीं हैं। ये उस समस्या का संकेत हैं, जो देशभर में फैल चुकी है और जिसकी कीमत हजारों लोग अपनी जान देकर चुका रहे हैं—बिना चिकित्सकीय सलाह के सेक्सवर्धक दवाओं के बेतहाशा और लापरवाह इस्तेमाल से। देश में इन दवाओं की उपलब्धता किसी सामान्य टॉनिक की तरह है। मेडिकल स्टोर, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और अनधिकृत चैनलों से ये दवाएं बिना पर्ची, बिना चेतावनी और बिना किसी परामर्श के मिल जाती हैं। न उम्र पूछी जाती है, न पहले से मौजूद बीमारियों का जिक्र होता है, न ही संभावित दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाती है। मानो यह दवा नहीं, बल्कि सामाजिक दबाव से निकलने का कोई आसान रास्ता हो। यही आसान रास्ता कई बार सीधे मौत की ओर ले जाता है। इन दवाओं का असर केवल शारीरिक नहीं होता। हृदय गति, रक्तचाप और नर्वस सिस्टम पर पड़ने वाला प्रभाव किसी भी व्यक्ति के लिए घातक हो सकता है, खासकर तब जब पहले से हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप या अत्यधिक तनाव मौजूद हो। इसके बावजूद इन दवाओं के विज्ञापन मर्दानगी को चुनौती की तरह पेश करते हैं—उम्र को मात देने, क्षमता साबित करने और कमजोरी छिपाने के संदेश खुलेआम परोसे जाते हैं। सवाल यह है कि जब नतीजे जानलेवा हो सकते हैं, तो इस प्रचार की जिम्मेदारी आखिर कौन लेगा? इस पूरे संकट की जड़ में समाज की वही पुरानी सोच है, जो यौन स्वास्थ्य को आज भी शर्म और चुप्पी के दायरे में रखती है। पुरुषों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हर हाल में सक्षम रहें, चाहे शरीर साथ दे या नहीं। डॉक्टर से सलाह लेना कमजोरी समझा जाता है, जबकि बिना जांच दवा लेना बहादुरी या समझदारी मान लिया जाता है। यही मानसिक दबाव व्यक्ति को ऐसे फैसले लेने पर मजबूर करता है, जिनकी कीमत जान से चुकानी पड़ सकती है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि ऐसी मौतों के बाद भी सच्चाई अक्सर सामने नहीं आती। परिवार सामाजिक बदनामी के डर से चुप रहना बेहतर समझता है। मृत्यु प्रमाण-पत्र पर कारण कुछ और लिख दिया जाता है और मामला खत्म हो जाता है। पुलिस के लिए यह एक और 'प्राकृतिक मौत' बन जाती है और सिस्टम आगे बढ़ जाता है। लेकिन हर बार जब सच्चाई दबा दी जाती है, तब अगली मौत की जमीन तैयार हो जाती है। यह केवल व्यक्तिगत या पारिवारिक त्रासदी नहीं है। यह एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट है, जिसे स्वीकार करने से हम लगातार बचते रहे हैं। अगर सच सामने आए, अगर आंकड़े ईमानदारी से इकट्ठा किए जाएं, तो शायद यह साफ दिखे कि ऐसी मौतें सैकड़ों नहीं, बल्कि हजारों में हैं। फर्क सिर्फ इतना है कि इनमें से अधिकांश कभी चर्चा का विषय नहीं बनतीं। सरकार और स्वास्थ्य तंत्र की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठते हैं। आखिर इन दवाओं की बिक्री पर सख्त नियंत्रण क्यों नहीं है? पर्ची को अनिवार्य क्यों नहीं किया जाता? भ्रामक और आक्रामक विज्ञापनों पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? जब किसी दवा के दुष्प्रभाव जानलेवा हो सकते हैं, तो उसके प्रचार और उपलब्धता पर वही सख्ती क्यों नहीं दिखाई जाती, जो अन्य खतरनाक पदार्थों पर होती है? हर घटना के बाद 'जांच जारी है' कह देना अब पर्याप्त नहीं है।

# त्यौहार : नगर में दिखने लगा होली का असर, बाजार दुल्हन की भांति सजे

## सज गए रंग, टग गई पिचकारी, आ गई है होली, होली के रंग और गुजिया की सुगंध से गुलजार हुए बाजार

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**शिकारपुर।** होली पर्व के नजदीक आते ही बाजार भी गुलजार होने लगे हैं और होली का रंग बाजारों में चढ़ने लगा है। जगह-जगह गुलाल और पिचकारी आदि की दुकानें सज गई हैं ।बाजार खरीददारों से गुलजार है जिसके चलते दुकानदारों की पौ बाराह हो रही है। इसके अलावा होली पर मेहमानों के स्वागत के लिए गुजिया व विभिन्न प्रकार की कचरी पापड़ी भी खूब बिक रहे हैं। रंग बरसे भीगे चुनरवाली होली के दिन रंग मिल जाते हैं आदि गानों पर दस्तक बाजारों में घरों में देने लगते हैं ।इस समय बाजारों में रौनक बढ़ी हुई है ।दो मार्च को



होलिका दहन होना है 4 मार्च को रंग की होली खेली जाएगी जिसे लेकर घर-घर में तैयारी की जा रही है। वही रंगों के इस महापर्व पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्र में नगर के सभी बाजार रंग, अबीर गुलाल और पिचकरिया आदि से सज गए हैं जिन्हें देखकर बच्चे उन्हें खरीदने की जिद कर रहे हैं इन पिचकारी में भालू डोरेमोन छोटा भीम मगरमच्छ शेर टैंक सहित विभिन्न किरदारों की पिचकारी अभी बच्चों को आकर्षित कर रही हैं।इसमें से बहुत सी पिचकारिया आम लोगों की जेब पर भी भारी नहीं पड़ेगी,क्योंकि इनकी कीमत भी बेहद कम है जो 100 से लेकर 300 तक बाजार में उपलब्ध है। वही बुजुर्गों के लिए चंदन टीका भी है। होली के त्यौहार पर मेहमानों के लिए मिठाई की दुकानों पर गुजिया तैयार हैं। इनकी कीमत 300 से 500 ।वहीं बाजार में रेडीमेड आइटम का चलन और मांग लगातार बढ़ने लगी है। और चिप्स पापड़ का बाजार भी पूरी तरह से गुलजार हो गया है। दुकान संचालक सचिन सैनी ने बताया कि रंग गुलाल की दुकान सजने लगी हैं जैसे जैसे समय नजदीक आएगा वैसे वैसे बाजार में रौनक बढ़ेगी। हालांकि महंगाई की मार के चलते हुए महिलाएं पकवानों को कम मात्रा में खरीद रही हैं।

### क्या कहते हैं चिकित्सक

सीएचसी प्रभारी डॉ शशि शेखर सिंह कहना है कि होली पर्व पर बाजार में उपलब्ध रंगों के कम इस्तेमाल को सलाह देते हुए कहा कि केमिकल युक्त रंग गुलाल तो स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसानदायक हो सकते हैं अगर रंग अथवा गुलाल आंखों में गिर जाए तो आंखों की रोशनी तक को खतरा पैदा हो सकता है। जबकि कई रंग तो शरीर की त्वचा के लिए बेहद खतरनाक साबित होते हैं इन रंगों के प्रयोग से त्वचा के झुलसने तथा अन्य कई प्रकार की बीमारियां पनप सकती है।

### क्या कहते हैं कोतवाली प्रभारी

शिकारपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंदगीराम का कहना है कि होली पर शांति व्यवस्था ठीक रखने के लिए पुलिस ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने की गरज से पुलिस गश्त में भी बढ़ोतरी कर दी गई है।

### राजस्थानी टोपी पर चढ रहा खुमार

होली पर बाजारों में सबसे ज्यादा लोग राजस्थानी टोपी खरीद रहे हैं यह टोपी रंग बिरंगी कपड़े से बनी है और इसकी कीमत 150 रुपए से लेकर 600 तक है बच्चे बूढ़े हुए जवान सहित अन्य सभी लोग इस टोपी को खरीद रहे हैं।

---

## संक्षिप्त समाचार

### मांकडी नहर पर दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में 5 घायल 4 गम्भीर घायल



**बुगरासी।** मांकडी स्याना नहर पटरी पर मांकडी के पास बाइकों की आमने सामने की टक्कर में 5 घायल हो गये जबकि 4 गम्भीर घायल हो गये। घायलों को फौरन कस्बे के एक अस्पताल में भर्ती कराया है। वहां के डाक्टरों ने 4 की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रैफर कर दिया है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस फौरन मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल में लग गई। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

### चढेरा के ऋषि प्रताप सिंह ने नोएडा की इन्फोसिस कम्पनी में अच्छा काम कर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया




**बुगरासी।** खानपुर क्षेत्र के गांव चढेरा निवासी सूर्य प्रताप सिंह के छोटे भाई रिषि प्रताप सिंह ने नोएडा की इन्फोसिस कम्पनी में अच्छा काम करने पर प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया। क्षेत्र के जाने पहचाने किसान नेता सूर्य प्रताप सिंह के छोटे भाई रिषि प्रताप सिंह नोएडा की इन्फोसिस कम्पनी में काम करते हैं। कम्पनी में उनके अच्छे काम को देखते हुए कम्पनी के सीओ ने उनको प्रथम स्थान का दर्जा दिया है। उनके बडे भाई सूर्य प्रताप ने बडे गर्व से कहा कि मेरे छोटे भाई ने क्षेत्र व गांव का नाम तो रोशन किया ही है जिससे मेरा सीना भी 56 ईंच का हो गया। सूर्य प्रताप सिंह के छोटे भाई के इस काम की खबर सुनकर क्षेत्र के लोगों का बधांई देने वालों का तांता लगा हुआ है ।बधांई देने वालों ने उने घर पहुंच कर सभी ने एक स्वर में कहा भाई हो तो ऐसा कि अपना नाम तो रोशन सभी करते हैं लेकिन इस भाई ने क्षेत्र व गांव का भी नाम रोशन किया है।

### खानपुर में किया गया होली मिलन समारोह का आयोजन



**खानपुर।** रविवार को खानपुर के धर्म फार्म हाउस में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें केंद्रीय राज्य मंत्री वीएल वर्मा ने भी भाग लिया। रविवार को हुए खानपुर के धर्म फार्म हाउस में होली मिलन समारोह में क्षेत्र के लोगों ने बढ चढकर भाग लिया ।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री वीएल वर्मा ने सभी क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं दी तथा त्योहार को प्रेम पूर्वक व भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। समारोह में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मौजूद सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी सौहार्द व भाईचारे की मिसाल पेश की ।इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री वीएल वर्मा पूर्व विधायक अनीता लोधी पूर्व जिला अध्यक्ष घनश्याम लोधी मथुरा के जिला पंचायत सदस्य डा0 नरेश सिंह सहित क्षेत्र के गांव प्रधान सहित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

### होली पर्व प्रेम और भाईचारा का देता है सन्देश : अनिल चौधरी



**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** होली केवल रंगों और उमंग का त्यौहार नहीं है, बल्कि भारत की राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक विरासत को जोड़ने वाला एक प्रमुख पर्व है। यह त्यौहार प्रेम और भाईचारा का सन्देश देता है। जो लोगों को जाति धर्म और वर्ग भेदों से ऊपर उठकर एक रंग में रंग देता है। उक्त बातें अपना दल (एस) के नेता अनिल चौधरी (शि0मं0) ने कहीं। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार सौहार्द का प्रतीक है। इसे सभी जाति वर्ग के लोग मिलकर भारतीय संस्कृति के अनुरूप मानते हैं। हमें होली के पवित्र सन्देशों को अपनाते हुए सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि होली पर्व पर हम सभी को आपसी द्वेष भूलकर प्रेम, सौहार्द व अनुराग की परिधि में त्यौहार के मूल्यों का संरक्षण करना चाहिए। साथ ही हम सभी को इको फ्रेण्डली होली मनाना चाहिए। होली प्रेम की रागमय अभिव्यंजना है। इसे अनुराग की परिधि में मनायें।

### अंग्रेजी व देशी शराब की बिक्री पर रहेगा प्रतिबन्ध

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़.तहसील क्षेत्र के अंग्रेजी व देशी शराब की दुकानों की शनिवार शाम को आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह की अगुवाई में आबकारी टीम ने स्टॉक और बिक्री रजिस्टर की गहनता से जांच की। इस दौरान आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व के दिन शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबन्ध रहेगा। शराब की बिक्री करने वाले किसी भी अनुज्ञापी ने चोरी छिपे अधिक दामों पर शराब की बिक्री नहीं करेगा। शिकायत मिली तो सम्बन्धित अनुज्ञापी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। आबकारी निरीक्षक अमरेन्द्र कुमार सिंह ने नेपाली शराब की तस्करी रोकथाम के लिए एसएसबी जवानों संग बढ़नी कोटिया व खुनुवां सीमावर्ती क्षेत्रों में नेपाल की तरफ आने वालों की गहनता तलाशी ली। शोहरतगढ़–बढ़नी हाइवे मार्ग पर स्थित होटल व ढाबों की आकस्मिक चेकिंग किया गया। उन्हें हिदायत देते हुए कहा कि शराब की बिक्री न होने पाएं। शराब की बिक्री करने वाले दुकानदारों को सख्त निर्देश दिया कि दुकानों पर बेवजह भीड़ न लगने दें न ही शराब का सेवन करने दें।

---

# अपहरण और हत्या मे वांछित पचास हजार का इनामी सत्यम मिश्रा गिरफ्तार

**विजय द्विवेदी**

**प्रतापगढ़(वेलकम इंडिया)।** कुंडा थानान्तर्गत हुए चर्चित एक बेटी की अपहरण के बाद हत्या के सनसनीखेज मामलेके वांछित आरोपी पचास हजार के इनामिया बदमाश सत्यम मिश्रा को कुंडा पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है।

जनपद के पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में थाना कुण्डा पुलिस द्वारा अपहरण कर हत्या के अभियोग में वांछित 50,000/- रुपये के ईनामिया अभियुक्त सत्यम मिश्रा को थाना क्षेत्रान्तर्गत दुखिया चौराहा से गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त ग्लेंजा कार बरामद कर ली है।

दिनांक 22.12.2025 को एक मिला ने शिकायत दे आरोप लगाया था कि वादिनी की पुत्री का आरोपीगण द्वारा अपनी चार पहिया वाहन से अपहरण कर हत्या कर दी गई है। वादिनी की तहरीर के आधार पर



दिनांक 08.02.2026 को थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ पर मु0अ0सं0 28/2026 धारा 140(1)/351(3)/352/238/3(5) बीएनएस बनाम नामजद अभियुक्त सत्यम मिश्रा पुत्र दिनेश चन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम नई बाजार रहवई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र लगभग 26 वर्ष के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ श्री दीपक भूकर द्वारा आपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा श्री अमरनाथ गुप्ता के कुशल पर्वेक्षण/ नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कुण्डा मनोज कुमार पाण्डेय मय हमराह उ0नि0 धर्मेन्द्र कुमार वर्मा,उ0नि0 निर्मल कुमार शर्मा, हे0का0 अशोक कुमार यादव, का0 हरेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी अनुराधा सिंह, महिला आरक्षी दीपांजली गुप्ता, का0 भूपेन्द्र मय चालक अभिमन्य सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र/ तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कुण्डा में मु0अ0सं0- 28/2026 धारा- 140(1)/351(3)/352/238/3 (5) बी0एन0एस0 से संबंधित 50000/- रुपये के ईनामिया 01 अभियुक्त 1. सत्यम मिश्रा पुत्र दिनेश चन्द्र मिश्रा निवासी ग्राम नई बाजार रहवई थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 26 वर्ष को थाना कुण्डा क्षेत्रातंर्गत दुखिया चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त सत्यम मिश्रा के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 अदद चार पहिया वाहन संख्या वढ72इद0072 (ग्लेंजा कार) बरामद की गई, जिसे मोटर वाहन अधिनियम की धारा 207 के अंतर्गत विधिक कार्यवाही करते हुए सीज किया गया।

---

# होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**बुगरासी।** बुगरासी जलालपुर मार्ग स्थित सुभाष चौहान के आवास पर दोपहर 12:00 बजे होली मिलन सम्मेलन का आयोजन किया गया आयोजन में क्षेत्र के गण मान्य लोग मौजूद रहे। होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को होली की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष विमलेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि होली दीपावली हमारे प्रमुख त्योहार हैं इन त्योहारों को हमें भाईचारे के साथ मनाना चाहिए ।उन्होंने सभी क्षेत्र वासियों से अपील की है कि होली के दिन कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ का सेवन न करें अपने तोहार को भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाए ।हापुड़ से आए रागिनी कलाकार मंसाराम ने कहा कि इस होली पर्व में सभी लोगों से रंग गुलाल लगाकर भाईचारे के साथ मिले। इस शुभ अवसर पर संचालन कर रहे मास्टर सुरेश चंद नगर पंचायत अध्यक्ष ओम दत्त लोधी व्यापार सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष राजीव गर्ग मास्टर सुरेंद्र सिंह प्रमोद कुमार ठेकेदार मनोज कुमार बृजेश कुमार सुरेंद्र कुमार चौहान डेविड एडवोकेट डॉ महेंद्र सिंह डॉक्टर मनोज गोस्वामी आदि होली मिलन सम्मेलन में मौजूद रहे।

---

# स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों के उत्तराधिकारियों ने दी अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**रुड़की।** विभिन्न स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठनों द्वारा देश भर में चलाए जा रहे प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को '10 बजे 10 मिनट शहीदों के नाम' कार्यक्रम के अंतर्गत आज रुड़की, भगवानपुर तथा जनपद हरिद्वार के अन्य स्थानों पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रुड़की में मुख्य आयोजन सुनहरा स्थित ऐतिहासिक वटवृक्ष पर किया गया जिसमें काफी संख्या में स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारियों तथा नगर के गणमान्य लोगों ने भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन जनपद हरिद्वार के एकमात्र शहीद जगदीश वत्स के भांजे तथा स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण महा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. श्री गोपाल नारसन द्वारा किया गया। सर्वप्रथम राष्ट्रगान किया गया तथा उसके बाद सभी उपस्थित लोगों ने शहीद स्मारक पर श्रद्धापूर्वक अपने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर डॉ. श्री




गोपाल नारसन ने कहा कि आज हम सभी स्वतंत्रता सेनानियों के उत्तराधिकारी होली के त्यौहार के हर्षोल्लास के बीच मिल रहे हैं और अपने पूर्वज स्वतंत्रता सेनानियों/ शहीदों को याद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि होली का त्यौहार हमें आपसी सद्भाव और प्यार -मोहब्बत के साथ आगे बढ़ने का संकल्प याद दिलाता है। हमें होली के त्यौहार को ईश्वर का वरदान समझ कर प्रेम पूर्वक मिल-जुलकर मनाना चाहिए। उत्तराखंड कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सैनी ने उत्तराधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए सभी उत्तराधिकारियों को सूचना दी कि नगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्री गोपाल नारसन पिछले 11 वर्षों से प्रतिदिन एक आध्यात्मिक रचना लिखकर फेसबुक पर पोस्ट करते हैं और यह उनकी बड़ी उपलब्धि है जिस कारण उनका नाम आज लंदन वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज कर लिया गया है ।डॉक्टर नारसन की इस उपलब्धि पर सभी उपस्थित सदस्यों ने उन्हें बहुत-बहुत बधाई दी । उसके बाद सभी उपस्थित सदस्यों ने फूलों से होली खेली और कुछ सदस्यों ने होली के संदर्भ में गीत व अपनी रचनाएं पढ़ कर सुनाई । कार्यक्रम में देशबंधु ,हरिशंकर सैनी, श्री पाल वत्स,रणवीर सिंह रावत ,संजय चौबे ,, सुशील शर्मा आदि अनेक लोग शामिल रहे ।ब्लॉक भगवानपुर स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्तंभ पर भी उत्तराखंड कांग्रेस स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नवीन शरण निश्चल के संचालन में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नरदेव त्यागी नन्हेड़ा अनंतपुर, , राजीव सैनी ,मोहित सैनी, कविता सैनी तथा प्रवीण सैनी आदि उपस्थिति रहे।

---

# महिला जज के पिता की हत्या के मामले में 6 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज दो गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला जज के पिता मोहम्मद असद की गोली मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए उनके बड़े साले मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल की तहरीर पर पांच नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। इनमें से दो नामजद आरोपी मोहम्मद फैजान और आलमगीर को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। जबकि फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस की पांच टीमें लगी हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मोहम्मद असद की हत्या उनके सालों के बीच चल रहे पॉपर्टी विवाद के चलते हुई है। हालांकि विस्तृत खुलासा मुख्य आरोपी जफर हुसैन की गिरफ्तारी के बाद ही होगा।



जिगर कालोनी निवासी मोहम्मद असद (62)अलवीना बेकर्स के संचालक थे। उनकीएक बेटी आसमां सुल्ताना और उसके पति बुलंदहशर में जज हैं। जबकि असद की एक दूसरी बेटी अलमास सुल्ताना अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर है। शुक्रवार शाम रोजा खोलने के बाद मोहम्मद असद अपने साले मजाहिर हुसैन उर्फ डेनियल के साथ स्कूटी से कोतवाली क्षेत्र के लाल मस्जिद में तरावीह पढ़ने जा रहे थे। नागफनी थाना क्षेत्र में बंगला गांव चौराहे के पास पहुंचे थे तभी दूसरी बाइक पर उनका साला जफर हुसैन आया और स्कूटी की बगल में बाइक लगाकर असर के सिर में गोली मार दी।

वारदात के दौरान मोहम्मद असद के साथ स्कूटी पर मौजूद उनके साले मजाहिर हुसैन और डेनियल की तहरीर पर पुलिस ने गोली मारने के मुख्य आरोपी मोहम्मद असद के बड़े साले नागफनी के डहेरिया निवासी जफर हुसैन, उसके दो बेटे सैफ जफर व हुसैन, दामाद मोहम्मद फैजान, साथी आलमगीर और वारदात के समय बाइक चला रहे जफर के अज्ञात साथी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है।

एसएसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद एसएचओ नागफनी सुनील कुमार की टीम ने इस मामले में नामजद आरोपी मुगलपुरा के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी मोहम्मद फैजान और कटघर निवासी आलमगीर को गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। दोनों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि जफर हुसैन का उसके छोटे भाई मजाहिर हुसैन से संपत्ति विवाद चल रहा था।

---

# जावा में पुनजार्गृत शैव परंपरा: प्रम्बानन में इतिहास, अध्यात्म और वैश्विक सद्भाव का संगम

**डॉ. शंभु पंवार**

**नई दिल्ली (वेलकम इंडिया)।** इंडोनेशिया के मध्य जावा स्थित विश्वविख्यात प्रम्बानन मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि का पावन पर्व गहन श्रद्धा, सौंदर्य और अंतरराष्ट्रीय सहभागिता के साथ संपन्न हुआ। शताब्दियों बाद इस प्राचीन शिवालय के प्रांगण में इतना व्यापक और भावपूर्ण आयोजन हुआ, जिसने इतिहास और वर्तमान को एक ही आलोक में जोड़ दिया।

नौवीं शताब्दी (लगभग 850 ईस्वी) में मातरम (संजय) वंश के पराक्रमी शासक रकाई पिकातन के काल में आरंभ हुआ यह भव्य मंदिर दक्षिण-पूर्व एशिया का सबसे विशाल हिंदू मंदिर परिसर माना जाता है। त्रिमूर्ति–ब्रह्मा, विष्णु और शिव–को समर्पित इस समूह का केंद्रीय शिव मंदिर लगभग 47 मीटर ऊँचा है, जो जावानी स्थापत्य-कला की उत्कर्ष अभिव्यक्ति है। ऊर्ध्वमुखी शिखर, सूक्ष्म नक्काशी और रामायण के विस्तृत उत्कीर्ण दृश्य इसकी सांस्कृतिक गहराई के साक्ष्य हैं। लगभग 240 मंदिरों वाले इस समूह को 1991 में यूनेस्को ने विश्व धरोहर का दर्जा दिया था।

27 मई 2006 को आए 6.3 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप में इंडोनेशिया में हजारों लोगों की मृत्यु हुई और लाखों प्रभावित हुए। इस आपदा से प्रम्बानन परिसर को भी गंभीर संरचनात्मक क्षति पहुँची, जिसके बाद संरक्षण और पुनरुद्धार कार्य कर इसे पुनः दर्शकों के लिए खोला गया। यह पुनर्स्थापन इंडोनेशिया की विरासत-निष्ठा का जीवंत उदाहरण है।



महाशिवरात्रि की रात्रि में 1008 दीपों का प्रज्वलन और भगवान शिव के 1008 नामों का सामूहिक जप वातावरण को दिव्य आभा से भर गया। शिव तांडव की मनोहारी प्रस्तुतियों और डमरू की नादमयी ध्वनि ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावलोक में पहुंचा दिया। 'महागंगा तीर्थ गमन' और 'अभिषेकम' अनुष्ठानों में 36 प्रांतों से लाए गए पवित्र जल के कलशों के साथ भारत की गंगा, नर्मदा और ब्रह्मपुत्र का जल भी सम्मिलित किया गया। लगभग 1000 मीटर लंबा इंडोनेशिया का राष्ट्रीय ध्वज शोभायात्रा का केंद्र बना–आस्था और राष्ट्रनिष्ठा का अनुपम संगम।

'टेंपल यूटिलाइजेशन वर्किंग टीम' के तत्वावधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ने उत्सव को वैचारिक आयाम प्रदान किया। इंडोनेशिया के पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक मंत्रालयों तथा इंडोनेशिया हिंदू परिषद के सहयोग से संपन्न इस सम्मेलन का आरंभ राष्ट्रगीत और वैदिक प्रार्थना से हुआ। जावा के कलाकारों की पारंपरिक नृत्य प्रस्तुतियों के पश्चात विभिन्न देशों से आए विद्वानों ने शिव-तत्त्व, अद्वैत चेतना और वैश्विक सद्भाव पर अपने विचार रखे। अमेरिका से पधारे भारतीय विद्वान डॉ. इंद्रजीत शर्मा ने विशेष व्याख्यान देकर भारत-इंडोनेशिया सांस्कृतिक सेतु को रेखांकित किया।

पंडित तिलक राज शर्मा स्मृति न्यास (संयुक्त राज्य अमेरिका) की ओर से 'विश्व शांति पुरस्कार' भी प्रदान किया गया। इंडोनेशिया के पर्यटन उपमंत्री नी लु एनिक एरमावती, संस्कृति उपमंत्री गिरिंग गणेश जुमारियो, जनसंख्या एवं परिवार विकास उपमंत्री रातु आयु इस्याना बागुस ओका तथा धार्मिक मंत्रालय के निदेशक डॉ. इ नेनगा दुइजा सहित अनेक गणमान्य अतिथि सम्मानित हुए। इंडोनेशिया में भारत के राजदूत श्री संदीप चक्रवर्ती ने भी अपनी सक्रिय उपस्थिति दर्ज कराई। प्रम्बानन में महाशिवरात्रि का यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि राजा रकाई पिकातन की ऐतिहासिक धरोहर में जीवित शैव परंपरा का पुनर्प्रकाश था–भारत और इंडोनेशिया की साझा सांस्कृतिक स्मृति का उज्ज्वल प्रमाण। 'बम बम भोले' की गूंज ने स्मरण कराया कि संस्कृति की जड़ें समय से परे होती हैं; वे महासागरों को पार कर महाद्वीपों को जोड़ती हैं और पीढ़ियों को प्रेरित करती हैं।

# फ्री शील्ड कबड्डी प्रतियोगिता में बजरंग हॉस्पिटल शिवपुर ने मारी बाजी

संदीप तिवारी





**मिजार्मुराद।** सेवापुरी ब्लॉक के अमिनी गांव स्थित पंचायत भवन के मैदान में शनिवार को आजाद क्लब अमिनी फ्री शील्ड कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें में कई जनपदों से आए खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया ।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रवेश पटेल और विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह पटेल व वरिष्ठ भाजपा नेता रामशकल पटेल के द्वारा किया गया ।कबड्डी प्रतियोगिता 30 टीम ने हिस्सा लिया जिसमें वाराणसी, गाजीपुर, मिजार्पुर, चंदौली, भदोही, जौनपुर समेत अन्य जनपदों से आए खिलाड़ियों कबड्डी खेला ।कबड्डी प्रतियोगिता चार बजे से चालू हुआ और देर रात तक चला ।मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से सद्भावना बढ़ती है। उन्होंने क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बीच ग्रामीण स्तर पर कबड्डी जैसे भारतीय खेलों को बढ़ावा देने को सराहनीय बताया ।कबड्डी प्रतियोगिता फाइनल में प्रथम स्थान बजरंग हॉस्पिटल शिवपुर ने जीत हासिल किया जिसमें टीम के द्वारा 15 हजार रुपया नगद व एक ट्रांफी दिया गया वही दूसरा स्थान बावनबीघा वाराणसी को 10 हजार रुपया नगद व एक ट्रांफी दिया गया तीसरे स्थान पर गाजीपुर की टीम रही जिसको 5 हजार रुपया नगद व एक ट्रांफी टीम की तरफ से दिया गया ।कार्यक्रम में आए अतिथियों का कार्यक्रम संयोजक प्रबंधक राकेश पटेल द्वारा मोमेंटो और अंगवस्त्र देकर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर प्रबंधक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह गौतम, जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह, जिला मंत्री प्रेम शंकर पाठक, मंडल अध्यक्ष रमेश सिंह पटेल, प्रेम पटेल, सतीश पटेल, मंडल महामंत्री एवं बीडीसी सूरज वर्मा, अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल, मनोज सिंह, शेखर पटेल, विजय पटेल, विपिन 'विक्की', विनोद पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम स्थल पर देर रात तक कबड्डी प्रेमियों की भारी भीड़ जुटी रही।

# राधा-मोहन गौशाला में फूलों की होली: भक्ति और परंपरा का संगम

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** ब्रज में होली की मस्ती अपने पूरे परवान पर है। इसी श्रृंखला में चौमुहां स्थित राधामोहन जी गौशाला में एक भव्य 'होली मिलन समारोह' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जयकृष्ण दास महाराज के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ, जिसमें ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और भक्ति का अनूठा मेल देखने को मिला।

समारोह का मुख्य केंद्र राधा-कृष्ण और भोले-पार्वती की मनमोहक झांकियां रहीं। जैसे ही इन स्वरूपों ने मंच पर दस्तक दी, पूरा परिसर 'राधे-राधे' के उद्घोष से गूंज उठा। इसके बाद ब्रज की प्रसिद्ध फूलों की होली खेली गई, जहाँ गुलाब और गेंदे की पंखुड़ियों की वर्षा के बीच श्रद्धालु झूम उठे।

संत जयकृष्ण दास महाराज ने कहा कि होली केवल रंगों का उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है।

संत जी ने अपने संबोधन में आपसी भेदभाव मिटाकर भाईचारे से रहने और गौ-सेवा के महत्व पर जोर दिया। स्थानीय निवासियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा सहित गिर्राज प्रसाद शर्मा, श्रीगोपाल एडवोकेट, राजेश पहलवान, मनोज सिसोदिया, विष्णु सिसौदिया, राधावल्लभ शर्मा, भगवान सिंह, सियाराम, सुगनो नेता, सौदान सिंह और मूली सिंह जैसे गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अंत में सभी को प्रसाद वितरित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# एस डी एम और क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने किया फ्लैग मार्च



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** एस डी एम सदर दिनेश चंद्र एवं क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडे के नेतृत्व में सुरक्षा बलों ने कस्बे में फ्लैग मार्च कर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कोई नई परम्परा की इजाजत नहीं दी जायेगी होलिका दहन अरसे से चल रही परम्परा अनुसार पूर्व निर्धारित स्थल पर स्टेट हाइवे स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने ही किया जाएगा ।होली के मद्देनजर रविवार को एस डी एम सदर दिनेश चंद्र और क्षेत्राधिकारी प्रखर पांडे ने तमाम कस्बे में फ्लैग मार्च किया।

# ऊँचागांव में विराट हिंदू सम्मेलन संपन्न

वेलकम इंडिया संवाददाता




**नरसेना।** ऊँचागांव के राणा फार्म हाउस में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदू समाज क संरक्षण, संगठन, स्वाभिमान और सांस्कृतिक चेतना को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन में श्री मोनी महाराज ने कहा कि हिंदू समाज को अपने वंश, परिवार, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र दोनों से सुसज्जित रहना होगा। उन्होंने कहा कि केवल आध्यात्मिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि आत्मरक्षा की भावना और सामर्थ्य भी प्रत्येक हिंदू में होनी चाहिए। उन्होंने परिवार वृद्धि, जनसंख्या संतुलन और समाज की एकजुटता पर विचार रखते हुए कहा कि बहुसंख्यक बने रहना हिंदू समाज के अस्तित्व और सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से शस्त्र लाइसेंस बनवाने और आत्मरक्षा के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख राजेश कुमार ने संघ के इतिहास, कार्यप्रणाली और राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले कई दशकों से समाज को संगठित करने, राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने और चरित्र निर्माण का कार्य कर रहा है। राजेश कुमार ने राम मंदिर आंदोलन में संघ के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों हिंदुओं की आस्था, संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है।

उन्होंने श्रीराम मंदिर स्थापना को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए इसे हिंदू समाज की एकता और शक्ति का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में अतिथियों का माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपर्णा सिंह, शिवकुमार ठाकुर, अजीत सिंह, अजय प्रताप, दुष्यंत कुमार, अमित कुमार, रवि कुमार, संदीप सिंह, चन्द्रशेखर, यश कुमार, राकेश सिंह, राजू सिंह, धर्म सिंह, राजपाल सिंह, मास्टर आनन्द शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मानदेय बढ़ाये जाने पर शिक्षा मित्रों ने विधायक योगेश नोहवार का स्वागत कर खिलाई मिठाई, मुख्यमंत्री का जताया आभार



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के बैनर तले संघ के जिला अध्यक्ष खेमसिंह चौधरी के नेतृव में जनपद के शिक्षा मित्रों ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनके मानदेय में 1 अप्रैल 2026 से बढोत्तरी किये जाने एवं कैशलेश की सुविधा प्रदान किये जाने पर सदस्य विधान परिषद योगेश नोहवार के आवास पर पहुँचकर चुनरी पटका पहनाकर स्वागत किया एवं खुशी में मिठाई खिलाई एवं मुख्यमंत्री के नाम एक धन्यबाद पत्र सौंपते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं प्रदेश की भाजपा गठबंधन की सरकार का आभार प्रकट किया।

# सन्तोष शुक्ला की सनातन मे घर वापसी अपहरण कर बनाए गये थे मुस्लिम



**वेलकम इन्डिया विजय द्विवेदी**

**प्रतापगढ़।** जेठवारा थानान्तर्गत जबरन धर्म परिवर्तन और बंधक बनाए जाने की एक ऐसी खौफनाक पिछले कयी दिनो से जनपद मे गूज रही है। जिसने पूरे जिले और प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है।

मध्य प्रदेश के सागर जिले के रहने वाले संतोष कुमार शुक्ल, जिन्हें पिछले 12 वर्षों से बंधक बनाकर जबरन इस्लाम कबूल कराया गया था, आज आखिरकार ह्यसनातनह्ल की घर वापसी की है। विस्तृत खबर अनुसार अनुसार, संतोष शुक्ल (सुपुत्र स्व. भगवान दास) को 12 साल पहले बंधक बनाया गया था।

आरोपियों ने न केवल उन्हें कैद में रखा, बल्कि उनका धर्मांतरण कराकर उन्हें ह्यशेर अली खानह्ल बना दिया गया था। जुल्म की इंतहा यह थी कि आरोपियों ने उनका फर्जी आधार कार्ड तक बनवा लिया था ताकि उनकी असली पहचान पूरी तरह मिटाई जा सके।

जबरन मुस्लिम बनाए गये सनदतोष शुक्ल का प्रतापगढ़ के एक आश्रम मे वैदिक मंदिर मकोइया कुंडा में एक भव्य 'शुद्धिकरण और घर वापसी' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सनातन हितकारिणी न्यास के के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में संतोष शुक्ल ने वैदिक रीति-रिवाज, हवन और मंत्रोच्चार के बीच दोबारा हिंदू धर्म अपनाया। शेर अली खान से घर वापसी कर सनातनी बने सन्तोष शुक्ला ने ठाकुर प्रकाश सिंह की देख रेख मे (सरदार पटेल नगर,मकोइया कुंडा) ने किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से विजय मिश्र, नवीन पाल, रामकृष्ण मिश्र, लाला तूफानी और अन्य शामिल थे।

शुद्धिकरण की प्रक्रिया आचार्य पंडित श्यामलाल जी आर्य और डॉ. श्यामलाल जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

# प्रभारी मंत्री ने संत कबीर प्रकट स्थल का किया दर्शन एवं निरीक्षण





संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश सरकार वित्त मंत्री एवं वाराणसी के प्रभारी सुरेश खन्ना शनिवार को संत कबीर की जन्मस्थली लहरतारा वाराणसी में चल रहे विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस अवसर पर लहरतारा स्थित कबीर मठ के महंत गोविंद दास शास्त्री एवं परियोजना अधिकारी मानवेंद्र सिंह,जेई अमित,सतीश विश्वकर्मा,महंत त्रिलोकी दास,महंत हरीश दास,पूर्व पार्षद दिनेश यादव,लहरतारा पार्षद संजू सरोज भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में हो रहे सौंदर्यीकरण,सड़क, साफ-सफाई,पेयजल,विद्युत व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संत कबीर की जन्मस्थली का धार्मिक,सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व अत्यंत विशिष्ट है यहां हमें आने का मौका मिला अच्छा लगा सीडीओ अधिकारी ने मुझे कबीर साहब की प्राकट्य स्थली का दर्शन कराया बहुत अच्छा रहा। सरकार का उद्देश्य है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# यूजीसी या सरकार एक चीज रहेगी तय करें मोदी जी ठाकुर पूरन सिंह




वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** रविवार को गांव चोला सिकंदराबाद क्षेत्र में किसान मजदूर संगठन के होली मिलन समारोह चिंतन बैठक के मुख्य अतिथि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह रहे तथा बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर राकेश भाटी ने की होली मिलन समारोह व चिंतन बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष पूरन सिंह राष्ट्रीय प्रवक्ता ललित राणा प्रोफेसर अजय छोकर पूर्व विधायक राजेंद्र सोलंकी मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने समाज के लोगों से होली को आपसी भाईचारे से बनाने के साथ-साथ भगवान मयार्दा पुरुषोत्तम राम शूरवीर महाराणा प्रताप के व कृष्ण से प्रेरणा लेकर व समझ कर व चिंतन के नाम पर 13 जनवरी को आए यूजीसी एक्ट पर वक्ताओं ने केंद्र की भाजपा सरकार व मोदी जी को जातिवादी मानसिकता से ग्रस्त बताते हुए अपनी रियासतें दान देने वाले 36 बिरादरियों को साथ लेकर चलने वाले क्षत्रिय समाज के साथ-साथ स्वर्ण समाज के विरुद्ध एक साजिश कर यूजीसी कानून लाने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर शीघ्र कानून वापस ना हुआ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तय कर लें सरकार या यूजीसी में से एक ही रहेगा व ठाकुर पूरन सिंह ने कहा कि 7 मार्च जनपद हापुड़ धौलाना से एक यात्रा दिल्ली भाजपा कार्यालय तक जाएगी जिसमें सभी लोग सम्मिलित होकर यूजीसी वापस करने के लिए देश के हुक्रमांन के कार्यालय का घेराव किया जाएगा तथा सभी से अपने आत्म चिंतन के साथ-साथ यूजीसी वापस होने तक सभी भाजपा जनप्रतिनिधियों से विरोध कर उनका भी घेराव करने का आह्वान किया होली मिलन समारोह में संजीव भाटी कार्यक्रम संयोजक व संगठन के जिला अध्यक्ष अनुज राघव जीतू ठाकुर पृथ्वीराज सिंह प्रोफेसर विक्रम सिंह कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह चौहान रॉबिन ठाकुर अनु मलिक भूपेंद्र राघव सहित सैकडों लोग उपस्थित रहें।

# वाराणसी में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव हेतु सांसद रमेश अवस्थी को आमंत्रण

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी।** आगामी 14 से 16 मार्च तक वाराणसी में आयोजित होने जा रहे अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव में सहभागिता के लिए कानपुर स्थित कार्यालय में लोकप्रिय सांसद रमेश अवस्थी को औपचारिक आमंत्रण दिया गया यह आमंत्रण एश.के. राय द्वारा सौजन्य भेंट के दौरान प्रदान किया गया। भेंट के दौरान गौ संवर्धन, प्राकृतिक कृषि,ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भारतीय संस्कृति में गौ माता के महत्व पर विस्तृत चर्चा हुई। एश.के.राय ने बताया कि 14 से 16 मार्च तक आयोजित यह अंतर्राष्ट्रीय गौ महोत्सव मे देश-विदेश से आए संतों, विद्वानों,कृषि विशेषज्ञों और गौ सेवकों का संगम होगा जिसमें गौ आधारित उत्पादों,जैविक खेती और आत्मनिर्भर ग्रामीण विकास पर विशेष मंथन किया जाएगा। सांसद रमेश अवस्थी ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि गौ सेवा भारतीय परंपरा की आधारशिला है और ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है। उन्होंने महोत्सव की सफलता की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित रहने का आश्वासन दिया।

# डॉ घनश्याम सिंह महाविद्यालय में अंतर विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन

## प्रबंधक तथा डीन ने प्रोफेसर श्रीवास्तव को शॉल तथा स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर किया सम्मानित

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** डॉ घनश्याम सिंह महाविद्यालय में विज्ञान दिवस के अवसर पर अंतर- विद्यालयी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणियों, पोस्टर,मॉडल तथा स्पीच के अंतर्गत आयोजित की गई थी जो इस वर्ष विज्ञान दिवस की थीम पर आधारित थी। प्रतियोगिता का शुभारंभ दीपप्रज्वलन तदुपरांत कुलगीत तथा सरस्वती वंदना से किया गया। इस अवसर पर आईआईटी बीएचयू से प्रोफेसर प्रदीप श्रीवास्तव मुख्य अतिथि रहे। प्रबंधक नागेश्वर सिंह ने शॉल तथा स्मृति चिन्ह एवं डीन विज्ञान संकाय डॉ ज्योति सिंह ने बुके देकर प्रोफेसर श्रीवास्तव को सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ आनंद सिंह ने अपने संबोधन में ब्रह्मांड की उत्पत्ति,भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा तथा देश में विज्ञान की हो रही प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। प्रबंधक नागेश्वर सिंह ने छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा किया गया प्रदर्शन छात्रों के मेहनत के साथ-साथ अध्यापकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है उन्होंने कहा कि विज्ञान के बिना देश का विकास सम्भव नही है विकास के लिए प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है उन्होंने आशा व्यक्त की कि ये होनहार छात्र आगे बढ़ेगे तथा क्षेत्र व देश का विकास करेंगे।

# थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने फायरिंग के मामले में 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अमित कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर मे अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में एसओजी प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जयप्रकाश दुबे के नेतृत्व में अपराध निरीक्षक राकेश कुमार सिंह, चौकी प्रभारी कलेक्ट्रेट उनि अशोक कुमार दूबे एवं चौकी प्रभारी मगहर उनि विनोद कुमार यादव, चौकी प्रभारी गौसपुर उ नि धर्मनाथ यादव, चौकी प्रभारी औद्योगिक उ नि धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा, का प्रशान्त विक्रम सिंह, का अरुण कुमार, का धर्मेन्द्र कुमार,एसओजी टीम के हे का विवेक कुमार राय, हे का अनूप कुमार राय, का अभिषेक सिंह, का दीपक सिंह, का सर्वेश मिश्रा, का वीर बहादुर यादव, का शुभम सिंह, का विवेक मिश्रा ने रविवार को कुल 05 अभियुक्तगणो को बालूशासन पुल के पास से गिरफ्तार किया। घटना विवरण-दिनांक 28.02.2026 को वादी द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें बताया गया कि दिनांक 27.02.2026 को समय लगभग दोपहर 01:00 बजे, जब वादी अपने से लड़का को परीक्षा दिलाने के लिए जगदीश प्रसाद उपाध्याय इण्टर कालेज भदाह संतकबीरगनर स्कूल पर गये थे भदाह चौराहे पर उपरोक्त पाँचो एक साथ राड डण्डा लेकर मोटरसाईकिल से आये और मुझको माँ बहन कि गन्दी-गन्दी गाली देते हुए जान से मारने की नियत से कृष्णा यादव ने मेरे उपर फायर कर दिया मै किसी तरह बाल-बाल बच गया। उक्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 123/2026, धारा धारा 191(2), 191(3), 190, 109(1), 351(3), 352 बीएनएस व 7 उछअ अूइ व 3/25/27, 4/25 अ१२ अूइ के अंतर्गत 05 अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर धारा 3/25,4/25 आर्म्स एक्ट बीएनएस की बढ़ोत्तरी किया गया।

# होली पर्व को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु थाना धर्मसिंहवा में पुलिस बल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीनाके निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मेंहदावल सर्व दवन सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आगामी पर्व होली एवं होलिका दहन पर्व के दृष्टिगत रविवार को थाना धर्मसिंहवा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष धर्मसिंहवा अमित कुशवाहा ने बताया कि सभी थाना क्षेत्र के समस्त बीट कांस्टेबल, दीवान एवं अन्य पुलिस बल उपस्थित रहे, अपने-अपने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था, संवेदनशील स्थलों की निगरानी, गश्त व्यवस्था तथा संभावित विवादित बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में नियमित भ्रमण कर असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखें। किसी भी प्रकार की अफवाह, तनाव या विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

## रोजगार सेवकों को 7 महीने से नहीं मिला मानदेय

**संतकबीरनगर।** ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को विगत 7 महीने से नहीं मिला है जिसके कारण उनका परिवार भुखमरी का शिकार है जिसकी सुधि लेने वाला वर्तमान में कोई नहीं है। जनपद की ग्राम पंचायतों में तैनात ग्राम रोजगार सेवकों को पिछले 7 महीने से मानदेय नहीं मिला है। ऐसे में उनके सामने घर परिवार चलाने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। काम तो खूब लिया जाता है लेकिन मजदूरी कब मिलेगी इसका कोई पता नहीं है। आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहे ग्राम रोजगार सेवकों की होली फीकी साबित हो रही है। जिलाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, बृजेश यादव,अमरनाथ मिश्रा, सुनील कुमार राय, वीरेंद्र यादव,राजन पटेल, दिनेश मिश्रा,दुर्गेश उपाध्याय, अशोक कुमार, कमलेश तिवारी, रामचित, राम रूप, संगम त्रिपाठी, अश्वनी त्रिपाठी, अमरनाथ मिश्रा, सुरेंद्र कुमार, लालचंद, आराधना चौधरी, शर्मिला देवी, राम अनुज, विजय मौर्य, राम नारायण, अनिल कुमार, सुबोध कांत, चंद्रशेखर, विजय सिंह, आफताब, सैयद अली, छोटेलाल आदि ने शासन– प्रशासन से मानदेय का भुगतान किये जाने की मांग किये हैं।

## सेमरियावा ब्लाक की 15 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त घोषित

**संतकबीरनगर।** ब्लाक क्षेत्र सेमरियावां मे जिले की स्वास्थ्य विभाग द्वारा शुक्रवार को किए गए सत्यापन मे पन्द्रह ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सेमरियावां के अधीक्षक डा सुरेश चन्द्रा द्वारा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने के लिए अभियान चलाया गया था। वित्तीय वर्ष के अंत तक के सत्यापन रिपोर्ट मे 15 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया है। ये ग्राम पंचायत हुए टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सेहुडा, निपनियां, बजहरा,छपिया आन्नद राय उर्फ ढोका, देवरिया विजई,छाता, ढोढई, करमाडोमन, कुर्थिया,मुसरद, पिडवा,सिसवा फताउल्लाह, तेनुहारी अव्वल, तिलजा तथा उपधी ग्राम पंचायत टीबी मुक्त पाया गया। इस मौके पर टीम के सदस्य डीपीसी अमित आनंद, एसटीएस देवव्रत लाल श्रीवास्तव, डा जावेद अख़्तर, बीपीआरो राधे श्याम चौधरी मौजूद रहे।

## पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण करायें: डा. अखिलेश यादव

**संतकबीरनगर।** राजकीय पशु अस्पताल सेमरियावां के पशु चिकित्साधिकारी डा. अखिलेश यादव ने क्षेत्रीय पशुपालकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को बीमारियों से बचाने के लिए अनिवार्य रूप से टीकाकरण करायें। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी से चल रहे टीकाकरण अभियान के तहत अब तक कुल 10,480 पशुओं को खुरपका–मुंहपका (एफएमडी) बीमारी से बचाव का टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि खुरपका–मुंहपका (FMD) गाय भैंस भेड़ और बकरी जैसे खुर वाले पशुओं में होने वाला एक अत्यंत संक्रामक विषाणु जनित रोग है। यह बीमारी तेज बुखार मुंह/जीभ में लार और खुरों के बीच छाले/जख्म के रूप में प्रकट होती है। इससे दूध उत्पादन में भारी गिरावट आती है और यह छोटे पशुओं के लिए घातक हो सकता है। यह एक सूक्ष्म वायरस (पिकोरना वायरस) के कारण फैलता है, तेज बुखार (104–106°F), मुंह से लार गिरना, जीभ मसूड़े और होंठों के अंदर छाले, खुर में घाव, पैरों के बीच छाले होने से पशु लंगड़ा कर चलता है। दूध का उत्पादन अचानक बहुत कम हो जाता है।

## पिता के नक्शे कदम पर चल रहे एडवोकेट अहमद जमाल

**संतकबीरनगर।** पिता का सपना पूरा करना एक पुत्र की बड़ी जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए एडवोकेट अहमद जमाल अंसारी लगातार कोशिश कर रहे हैं। विकास खण्ड बेलहर कला के लोहरौली ठकुराई निवासी अहमद जमाल का जन्म 10 जुलाई 1991 को प्रख्यात इस्लामिक विद्वान, दर्जनों किताबों के लेखक तथा दाईये इस्लाम गैर मनकूत के मोसन्निफ मरहूम मौलाना सादिक अली कासमी के घर हुआ। एक पढ़े लिखें परिवार में जन्मे अहमद जमाल ने ऐसे परिवार में प्रवारिश पाई जहाँ दीनी और असरी तालीम दोनों को समान दर्जा हासिल था। आप के पिता श्री स्व 0 मौलाना सादिक अली कासमी इस्लामिक विद्वान थे उन्होंने दर्जनों किताबे लिखी जिसमे दाईये इस्लाम गैर मनकूत सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हुयी इसके अलावा वह कांग्रेस से वाबस्ता रहे उन्ही के नक्शे कदम पर चलते हुए उनके पुत्र अहमद जमाल ने भी अपने



पिता के जीवन काल मे 2009 मे कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की और सक्रिय रूप से कांग्रेस के कार्यक्रमों मे हिस्सा लेते रहे हैं 2014 मे वह यूथ कांग्रेस के मेहदावल विधानसभा अध्यक्ष चुने गए 2019 मे यूथ कांग्रेस के को–आर्डिनेटर बनाये गये।

## मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद होली से पूर्व नहीं हो पाया शिक्षकों के वेतन का भुगतान:संजय द्विवेदी

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश मंत्री संजय द्विवेदी आरोप लगाया है कि कोषागार के कर्मचारियों की लापरवाही के कारण मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद होली महापर्व से पूर्व शिक्षक –शिक्षणत्तेर कर्मचारियों के वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है। जिसको लेकर शिक्षक से क्षेत्र कर्मचारियों में आक्रोश



व्याप्त है। श्री द्विवेदी ने कोषागार में माध्यमिक शिक्षा के पटल परिवर्तन की मांग की है। उन्होंने कहा कि सोमवार को कोषागार खोलकर शिक्षकों के वेतन का भुगतान किया जाए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा, शिक्षा निदेशक माध्यमिक ने भी होली से पूर्व अर्थात 28 फरवरी को वेतन भुगतान करने का निर्देश जारी किया है किंतु कोषागार के पटल सहायक की लापरवाही के कारण वेतन भुगतान नहीं हो पाया है। महानिदेशक ने अपने निर्देश में कहा है कि दिनांक 01 मार्च, 2026 को सामान्य अवकाश तथा 02 मार्च, 2026 को होलिका दहन के त्योहार का सार्वजनिक अवकाश होने के कारण समस्त राज्य कर्मचारियों व सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थाओ, आउटसोर्सिंग कर्मचारियों, शहरी स्थानीय निकायों तथा उत्तर प्रदेश के कोषागारों से पेंशन प्राप्त करने वाले पेंशनरो, पारिवारिक पेंशनरों को माह फरवरी, 2026 का वेतन एवं पेंशन का भुगतान 28 फरवरी, 2026 को किये जाने की स्वीकृति प्रदान की है। जिला विद्यालय शिक्षक हरिश्चंद्र नाथ ने बताया कि सभी 34 माध्यमिक विद्यालयों का वेतन बिल कोषागार भेज दिया गया है। कोषागार तकनीकी खामियों के कारण वेतन का भुगतान नहीं हो पाया है।

# प्रधानाचार्य के उत्पीड़न और भ्रष्टाचार पर प्रशासन मौन

## शिक्षक संघ ने जि. वि. नि और पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज, बौरब्यास के प्रधानाचार्य श्री अवधराज कन्नौजिया के साथ प्रबंधन तंत्र द्वारा की गई बदसलूकी, जबरन इस्तीफे का दबाव और विद्यालय में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेश राम ने आरोप लगाया है कि स्पष्ट साक्ष्यों के बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक और स्थानीय पुलिस प्रशासन मामले को रफा-दफा करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जि. वि. नि. पर मिलीभगत के आरोप



उ. प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री गिरजानंद यादव का कहना है कि प्रधानाचार्य द्वारा लगातार शिकायतें करने और 28 फरवरी 2026 को जि. वि. नि. द्वारा सुनवाई का दिखावा करने के बावजूद अब तक दोषियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है।

संघ ने गंभीर आरोप लगाया है कि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रबंधक के साथ 'साठ-गांठ' कर ली है, जिसके कारण वह मामले को ₹झूठा आरोप₹ बताकर टाल रहे हैं।

### पुलिस प्रशासन का नकारात्मक रवैया

हैरानी की बात यह है कि पीड़ित प्रधानाचार्य के साथ हुए दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार के लिखित साक्ष्य होने के बाद भी पुलिस एफआईआर दर्ज करने से कतरा रही है। शिक्षक संघ ने इसे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गहरा कलंक बताया है। संघ का कहना है कि एक तरफ सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ अधिकारी भ्रष्ट प्रबंधन तंत्र को संरक्षण दे रहे हैं।

### आंदोलन की चेतावनी

शिक्षक संघ ने दो-टूक चेतावनी दी है कि यदि अविलंब प्रधानाचार्य को न्याय नहीं मिला, दोषियों पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई और जिला विद्यालय निरीक्षक ने अपना पक्षपाती रवैया नहीं बदला, तो संगठन पूरे जनपद में उग्र आंदोलन और कार्य बहिष्कार के लिए विवश होगा। इसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन और शासन की होगी।

### मुख्य मांगें:

जिलाध्यक्ष महेश राम ने कहा कि भ्रष्ट प्रबंधन तंत्र के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए।

विद्यालय की वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच किसी बाहरी कमेटी से कराई जाए।

प्रधानाचार्य के मान-सम्मान की रक्षा करते हुए उन्हें भयमुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित कराया जाए हमारी मागे हैं।

# चार साल के बच्चे ने रखा रोजा, मांगी दुआएं

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के गांव दुधारा निवासी अबू शहमा उमर (चार वर्ष) पुत्र अजहरूद्दीन ने अपने जीवन का पहला रोजा रखा। जिसको लेकर परिजनों ने खुशी का इजहार करते हुए ढेर सारी दुआएं दीं। बच्चों के लिए रमजान के दौरान रोजा रखना एक महत्वपूर्ण अनुभव है। जो उन्हें संयम, सहनशीलता और धार्मिक जिम्मेदारी के बारे में सिखाता है। यह पल उनके जीवन में हमेशा यादगार रहेगा। पिता अजहरूद्दीन, बाबा अलाउद्दीन ने कहा कि हमारे बच्चो ने पहला रोजा रखा था यह देखकर हमें बहुत खुशी हुई और हमारे आंखों से आंसू निकल पड़े कि इतनी छोटी सी उम्र में दिन भर बिना कुछ खाए पिए दिन भर भूखे रहना सब की बस बात नहीं,हमारी अल्लाह से दुआ है कि इन मासूम बच्चों के रोजे को कबूल फरमाए। बच्चों के बड़े चाचा खुर्शीद आलम साहब ने कहा कि हमें बड़ी खुशी है कि हमारे बच्चे सीधे रास्ते पर चल रहे हैं। मुजफ्फरूद्दीन, चाचा शमसुदीन, जलालुद्दीन, सेराजुद्दीन, मुहम्मद परवेज अख्तर, मौलाना उबैदुर्रहमान आदि ने मुबारकबाद दिये है।

## ट्रांसफार्मर में धमाका, विद्युत आपूर्ति ठप, पानी की किल्लत से लोग परेशान

**संवादाता मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के बिजली घर मार्ग पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब विद्युत सप्लाई के लिए स्थापित ट्रांसफार्मर में अचानक जोरदार धमाका हो गया। जिस कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे मोहल्ले में बिजली व्यापारी के लिए लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

रविवार सुबह के समय अचानक ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकलने लगीं और कुछ ही क्षणों में धमाके के साथ वह बंद हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और कोई जनहानि नहीं हुई।

बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घरों में लगे पानी के मोटर बंद हो गए, जिससे पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई।

मोहल्ले के लोगों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से शिकायत कर शीघ्र समाधान की मांग की। विद्युत विभाग के अवर अभियंता धीरज कुमार ने बताया कि तकनीकी खराबी के कारण ट्रांसफार्मर में यह समस्या उत्पन्न हुई है। विभाग की टीम को तुरंत मौके पर भेज दिया गया है और मरम्मत कार्य जारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही ट्रांसफार्मर ठीक कर विद्युत आपूर्ति सुचारु कर दी जाएगी। समाचार लिखे जाने तक मरम्मत कार्य जारी था और क्षेत्रवासी बिजली बहाली का इंतजार कर रहे थे।

# ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या के विरोध में गंगेरू में उबाल, बाजार बंद कर जताया रोष

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** संवादाता अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमले तथा वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई समेत कई लोगों की हत्या की खबर के विरोध में क्षेत्र के गांव गंगेरू में मुस्लिम समुदाय के लोगों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही समुदाय के लोग एकजुट हो गए और गांव में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।प्रदर्शन के दौरान लोगों ने अपनी दुकानें बंद रखीं और बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। बड़ी संख्या में लोग कर्बला के मैदान में एकत्रित हुए और अमेरिका व इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का



कहना था कि यह हमला मानवता के खिलाफ है और इससे पूरी दुनिया में अशांति का माहौल बन सकता है। प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता की हत्या को वह धर्म के लिए दी गई शहादत मानते हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में हस्तक्षेप कर ऐसी घटनाओं को रोकने की मांग की। लोगों ने कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर इस प्रकार का हमला वैश्विक शांति के लिए खतरा है।गांव में सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क नजर आया। किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस बल तैनात

# नहर में गिरी बाइक, 14 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी 14 वर्षीय किशोर की नहर में डूबने से मौत हो गई। किशोर की बाइक का संतुलन बिगड़ने से वह पुलिया के समीप नहर में जा गिरा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।परिजनों ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया।रविवार को गांव गंगेरू निवासी उमर अब्बास का 14 वर्षीय पुत्र उमैर घर से बाइक लेकर घसौलीझ्रगंगेरू मार्ग की ओर गया था। जैसे ही वह मार्ग स्थित पुलिया के पास पहुंचा, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और बाइक समेत नहर में जा गिरा। पानी मे किशोर डूब गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। राहगीरों ने मामले की



पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी विक्रम भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और आसपास के लोगों की मदद से किशोर को नहर से बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

# ओयो होटल की आड़ में कथित देह व्यापार का आरोप

## करप्शन व सीएम पोर्टल तक पहुंचीं, शिकायत

**कांधला( मोहसिन रहमानी )।** थाना क्षेत्र में संचालित ओयो होटलों मे स्थानीय लोगों व सूत्रों का आरोप है कि होटल की आड़ में कथित रूप से देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है, लेकिन क्षेत्र में इसको लेकर आक्रोश व्याप्त है और मामला उच्च स्तर तक पहुंच गया है।सूत्रों के अनुसार होटल में आने वाले ग्राहकों को पहले युवतियों की फोटो दिखाई जाती है और पसंद के नाम पर मोटी रकम वसूली जाती है। सूत्रों का कहना है कि एलम के एक होटल में दो दिन पूर्व एक युवक और युवती कमरे में आपत्तिजनक अवस्था में पाए जाने की चर्चा है। आरोप है कि इस दौरान संबंधित लोगों से भारी नगदी लेकर मामला रफा–दफा कर दिया गया। हालांकि इस प्रकरण में अभी तक कोई लिखित शिकायत सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आई है।कस्बे के कई लोगों का कहना है कि होटलों में लंबे समय से संदिग्ध गतिविधियां संचालित होने की चर्चा है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। कुछ लोगों का कहना है की शिकायत के बावजूद ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे, जिससे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है। मामले में कई लोगों ने एंटी करप्शन विभाग,पुलिस अधिकारियों तथा मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर क्षेत्र के सभी होटलों को बंद कराने की मांग की है।जब इस संबंध में पुलिस अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि यदि कोई ठोस साक्ष्य या लिखित शिकायत प्राप्त होती है तो जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बिना प्रमाण के लगाए गए आरोपों की भी जांच की जाएगी, ताकि सच्चाई सामने आ सके। फिलहाल कस्बे में इस मुद्दे को लेकर चचाओं का बाजार गर्म है। स्थानीय नागरिकों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# व्यापार मंडल का सम्मान समारोह, एसपी ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**मोहसिन रहमानी**

**कांधला।** नगर के जैन स्थानक भवन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल कांधला इकाई द्वारा सम्मान समारोह एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह उपस्थित रहे। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला, क्षेत्राधिकारी हेमंत कुमार तथा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ





किया गया। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि सहित सभी पुलिस अधिकारियों का फूलमाला एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान सभागार में बड़ी संख्या में नगर के व्यापारी मौजूद रहे।गोष्ठी को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि नगर में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। किसी भी व्यापारी के साथ अपराध या उत्पीड़न की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी को कोई समस्या है तो वह सीधे पुलिस से संपर्क करे, तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वह सीसीटीवी कैमरे लगवाएं, संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें और साइबर अपराधों से सतर्क रहें।अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# किठौर थानाध्यक्ष प्रताप सिंह लाइन हाजिर, सुबोध सक्सेना ने संभाली कमान

जाकिर तुर्क



**मेरठ।** जनपद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे ने व्यापक स्तर पर निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के तबादले किए हैं। जनपदीय स्थापना बोर्ड की बैठक में विस्तृत समीक्षा के बाद यह निर्णय लिया गया।इसी क्रम में किठौर थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह को शिकायतों के आधार पर लाइन हाजिर कर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उनके स्थान पर सोशल मीडिया सेल में तैनात निरीक्षक सुबोध कुमार सक्सेना को किठौर थाने का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

उन्होंने पदभार ग्रहण कर कार्यभार संभाल लिया है।अन्य तबादलों में उपनिरीक्षक सुमित तोमर को मवाना क्षेत्र की सठला चौकी से हटाकर लोहिया नगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं उपनिरीक्षक महेश कुमार को किठौर की साईफन चौकी से स्थानांतरित कर पल्लवपुरम थाने का प्रभारी बनाया गया है।

निरीक्षक नेत्रपाल सिंह को लोहिया नगर से हटाकर पुलिस लाइन भेजा गया है, जबकि निरीक्षक मोहनलाल को परतापुर से रिट सेल का प्रभारी नियुक्त किया गया है। उपनिरीक्षक हरि सिंह को सरधना क्षेत्र से स्थानांतरित कर सोशल मीडिया सेल/पीआरओ की जिम्मेदारी दी गई है।पुलिस प्रशासन के अनुसार, यह फेरबदल जनपद में अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने तथा प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया गया है। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदों पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# एसएसपी द्वारा आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत पुलिस-फोर्स के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत पैदल मार्च किया गया

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा आगामी त्यौहारो पर जनपद मे शांति एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत आम जनमानस में सुरक्षा के भाव को सुदृढ़ करने के दृष्टिगत पुलिस फोर्स के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के संवेदनशील क्षेत्रो में पैदल मार्च किया गया तथा जनमानस के साथ संवाद स्थापित कर सुरक्षित होलिका दहन एवं होली मनाये जाने की अपील की गयी तथा आम जनमानस से अनुरोध किया गया कि असामाजिक तत्वों तथा किसी भी प्रकार की अफवाह व उन्माद फैलाने वालों के बारे में तत्काल 112 नम्बर अथवा संबंधित थाना प्रभारी को सूचित करें।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस फोर्स को निर्देश दिये गये है कि यदि कही भी आराजक तत्व/असामाजिक तत्वो के द्वारा त्यौहार के हर्ष उल्लास में किसी भी स्तर पर कोई 'अवांछनीय गतिविधियां की जाये तो उनसे सख्ती से निपटा जाये। साथ ही जनपद में शराब पीकर गाडी चलाने( ड्रिंक एण्ड ड्राईव) वालो के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है।

# होली पर्व को लेकर रामघाट थाना पुलिस अलर्ट मोड पर क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई गई



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** होली ईद रमजान को लेकर थाना प्रभारी संदीप सिंह ने गांव गांव में पैदल गस्त कर जनता को जागरूक करते हुए अपने अपने त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने की अपील आपको बता दें कि रामघाट थाना प्रभारी ने अपने थाना क्षेत्र के गांव जरगवां चिरौरी रामपुर परिहावली रामपुर तिरलोकपुर धारकपुर कुढैनी आदि पैदल कर जनता को जागरूक करते हुए अपने अपने त्योहारों को शांतिपूर्ण मनाने की अपील साथ ही चेतावनी दी है अगर किसी ने शांति व्यवस्था भंग की तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी पैदल गस्त में एस एसआई केपी सिंह उपनिरीक्षक शिव कुमार सुनील कुमार आशीष कुमार रोहित कुमार अभयराम आदि पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बुलंदशहर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है, जिसमें जनपद बुलंदशहर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए समस्त सीटों पर अपना कब्जा जमाया है। जनपद बुलंदशहर को आवंटित कुल 199 सीटों के सापेक्ष 195 सीटों पर बच्चों का चयन हुआ है, जबकि केवल 4 सीटें अनुसूचित जनजाति के आवेदन प्राप्त न होने के कारण रिक्त रह गईं। इस परीक्षा में जनपद भर से 4100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। इस छात्रवृत्ति हेतु केवल वही छात्र पात्र होते हैं जो सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त या स्थानीय निकाय के विद्यालयों में कक्षा 8 में अध्ययनरत हों और जिन्होंने कक्षा 7 की वार्षिक परीक्षा न्यूनतम 55% अंकों ( आरक्षित वर्ग हेतु 5% की छूट के साथ ) के साथ उत्तीर्ण की हो।

चयनित मेधावी छात्र-छात्राओं को भारत सरकार द्वारा कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के चार वर्षों के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये ( एक हजार रुपये ) की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, बशर्ते छात्र पात्र श्रेणी के संस्थानों में अपनी पढ़ाई जारी रखें और उनका शैक्षणिक प्रदर्शन संतोषजनक रहे। जनपद के विद्यालयों में सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन कंपोजिट विद्यालय टिटौटा, जहांगीराबाद का रहा जहाँ से सर्वाधिक 11 बच्चों का चयन हुआ है। इसके अतिरिक्त उच्च प्राथमिक विद्यालय बिसुंधरा से 7 बच्चे, कम्पोजिट विद्यालय शेरपुर सिकंदराबाद से 5 बच्चे, उच्च प्राथमिक विद्यालय पीपाला अगौता से 5 बच्चे और कम्पोजिट विद्यालय कैथाला गुलावटी से 4 बच्चों ने मेरिट में स्थान बनाया है।

जिलाधिकारी बुलंदशहर ने इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों और संबंधित विद्यालयों के समर्पित शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

# अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार




वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अजीत उर्फ दादू को ग्राम रजपुरा के पास से 04 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं-200/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

# श्री बालाजी गोल्ड इनटो कैश का अम्बरीष सिंह ने फीता काटकर किया उद्घाटन





संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी।** तेलियाबाग क्षेत्र के आनंद मंदिर सिनेमा स्थित श्रीराम मार्केट मे श्री बालाजी गोल्ड इनटो कैश प्राइवेट लिमिटेड का शुभारंभ विधिवत रूप से संपन्न हुआ। प्रतिष्ठान का उद्घाटन वाराणसी विकास प्राधिकरण के मानिद सदस्य अम्बरीष सिंह भोला द्वारा फीता काटकर किया गया। प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता दिव्यांशु सेठ ने बताया कि यह संस्थान विशेष रूप से उन लोगों की सहायता के उद्देश्य से शुरू किया गया है जिन्होंने अपना सोना बैंक में गिरवी रखकर लोन लिया है लेकिन किसी कारणवश वह लोन चुकाने में असमर्थ हैं।।

ऐसी स्थिति में यह प्रतिष्ठान संबंधित बैंक में बकाया राशि जमा कर ग्राहकों का सोना अपने पास सुरक्षित रखता है तथा कम ब्याज दर पर उन्हें पुनः उनका सोना वापस करने की सुविधा प्रदान करता है उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य आर्थिक रूप से परेशान लोगों को राहत देना और उन्हें ऊंची ब्याज दरों के बोझ से बचाना है यह सेवा पारदर्शिता और विश्वास के आधार पर संचालित की जाएगी।

उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से वीरेंद्र सेठ, मोहित सेठ,हर्ष वर्मा,प्रिंस सेठ,शिवम सेठ,कृशु वर्मा,विवेक वर्मा,सुनील वर्मा,नेहा कुरैल सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी अतिथियों ने प्रतिष्ठान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया।

# दधीच स्कूल में लगाये गये बाल विकास मेले ने, जीता सभी का दिल






वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** रामघाट रोड बॉर्डर पर स्थित दधीच मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हर्षोल्लास के साथ बाल विकास मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

मेले में बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक फूड स्टॉल्स एवं गेम स्टॉल्स लगाए गए। विद्यार्थियों ने स्वयं स्टॉल्स की सजावट, संचालन एवं प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाली, जिससे उनमें आत्मनिर्भरता, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास हुआ। उपस्थित अभिभावकों एवं आगंतुकों ने बच्चों के प्रयासों की खुलकर सराहना की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डी.एस. लोधी सेवानिवृत्ति प्रवक्ता, विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख पति मा. अनार सिंह, भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव, के.पी. सिंह एडवोकेट सेवानिवृत्ति महा निरीक्षक पुलिस विभाग, रोहन सिंह पहलवान, अमर सिंह जादूगर, अजीत पाठक, मा.मनोज कुमार जी ने छात्रों की स्टाल का अवलोकन कर उनके उत्कृष्ट कार्य का मूल्यांकन किया।

सभी अतिथिगणों एवं सैकड़ो अभिभावकगणों ने कूपन खरीद कर व्यंजनों का लुफ्त उठाते हुए कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

अतिथिगणों ने मेले का पूर्ण अवलोकन कर विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं रचनात्मक कार्यों की सराहना की।

अपने संबोधन में अतिथियों ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इससे उनमें व्यवसायिक, व्यवहारिक ज्ञान एवं नेतृत्व कौशल का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार राजपूत ने मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। यह बाल विकास मेला सभी के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार अवसर बन गया।

# खेल मैदान मे अधिवक्ता पर हुए हमले के खिलाफ अधिवक्ताओं का फूटा गुस्सा,उतरे सड़क पर किया शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन

## खेल मैदान हमले के खिलाफ अधिवक्ताओं का उग्र विरोध,सड़क पर उतरे वकील

संतोष कुमार सिंह





**वाराणसी।** अधिवक्ताओं पर हुए हमले मे घायल अधिवक्ता साथी को न्याय दिलाने के लिए काफी संख्या मे सड़क पर उतरे अधिवक्ता।लहुराबीर चौराहे से लेकर चेतगंज स्थित सेल टेक्स कार्यालय तक किया शांति पूर्ण तरिके से विरोध प्रदर्शन। विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित अधिवक्ताओं ने घायल अधिवक्ताओं के साथ न्याय की मांग करते हुए जिला प्रसासन से मांग किया की जो लोग अधिवक्ता पर हमला किये है उनकी जल्द ही गिरफ्तारी हो और एढ़े खेल मैदान को सील किया जाए।

सेल टेक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने बताया की लालपुर पाण्डेयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एढ़े खेल मैदान मे बीते 26 फरवरी 2026 को दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन और सेल टेक्स बार एसोसिएशन के अधिकारियो सँग वार्षिक मैच का आयोजन किया गया था जहाँ रात मे मैत्री भोज के दौरान जेनरेटर को बंद कर दिया गया अधिवक्ता साथियो ने जब कर्मचारियों से कहा की जेनरेटर क्यों बंद हो गया तो कर्मचारियों ने कहा की हमें मालिक का आदेश है बंद करने के लिए जब हमलोग बोले की अपने मालिक से बात करवा दीजिये जिसके कुछ ही समय उपरांत ग्राउंड मे फोर वीलर से कुछ लोग आये और अधिवक्ताओं के साथ मारपीट करने लगे जैसे मानो पहले से यह सब कार्यक्रम तय रहा हो। इस घटना मे कुछ अधिवक्ता घायल हो गए जिनका इलाज ट्रामा सेंटर बीएचयू मे चल रहा है इस प्रकरण मे लालपुर थाने मे एफआईआर किया गया है लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं किया गया हमलोग आज जो शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किये है अगर प्रसासन के द्वारा आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी और ग्राउंड को सील नहीं किया गया तो हमलोग सड़क पर धरना देने को मजबूर होंगे।

दी सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक राय कान्हा ने बताया की 26 फरवरी की रात अधिवक्ताओं पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में काफी संख्या मे अधिवक्ताओं ने जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।घटना के दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सड़कों पर उतरकर विरोध दर्ज कराया

विरोध प्रदर्शन मे शामिल सेल टेक्स बार एसोसिएशन के महामंत्री अधिवक्ता चंद्रशे सिंह ने कहा की 26 फरवरी की रात को लालपुर थाना क्षेत्र के एढ़े खेल मैदान मे कुछ अज्ञात और नामजद उपद्रवियों ने वकीलों पर हमला किया था। इस संबंध में लालपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी लेकिन पीड़ितों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन अब तक हाथ पर हाथ धरे बैठा है और आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस की इसी सुस्ती और कार्य प्रणाली के विरोध में आज बड़ी संख्या में अधिवक्ता लहुराबीर चौराहे पर एकत्रित हुए यहाँ से उन्होंने शांतिपूर्ण एक विशाल जुलूस निकाला जो चेतगंज स्थित सेल टैक्स ऑफिस तक पहुँचा।प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांग की कि दोषियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए।

जुलूस के दौरान मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा यदि 24 घंटे के भीतर दोषियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा अधिवक्ता सुरक्षित नहीं हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जैन चेतना फोरम द्वारा होली महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन





उज्जवल रस्तौगी

**मेरठ।** होली की पूर्व संध्या पर रविवार को जैन चेतना फोरम द्वारा होली महोत्सव के उपलक्ष्य में एक पारिवारिक सभा का आयोजन जैन धर्मशाला घंटाघर पर आयोजित किया गया। सभा का आयोजन श्री पंकज जैन सर्राफ की अध्यक्षता में किया गया। सभा का आरंभ चटपटी चाट एवं ठंडाई से किया गया। संयोजिकाएं श्रीमति सपना जैन, सोनिया जैन, रीना जैन, सुनीता जैन ने आदिनाथ भगवान की स्तुति के साथ मुख्य अतिथि श्री जयपाल जैन, योगेश जैन अरहंत प्रकाशन प्रदीपंजैन के वीं प्रकाशन द्वारा दीप प्रज्वलित कराके सभा का शुभारंभ किया। लक्की ड्रा द्वारा मिस पिचकारी एवं मिस्टर गुलाल का चयन किया गया। जिसमें एवं विजेता रहे। जीते गए प्रत्याशियों को मंत्री देवेंद्र जैन एवं संजीव जैन पेट्रोल पंप वालो के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत MY JAINISM WORLD पत्रिका द्वारा वर्ल्ड के सबसे शक्तिशाली 30 व्यक्तियों की एक सूची जारी की गई थी। जिसमें जैन चेतना फोरम के संरक्षक योगेश जैन अरहंत प्रकाशन वालो का भी नाम आया है यह जैन चेतना फोरम के लिए बड़ा गर्व का विषय है। अतः उन्हें सभी सदस्यों द्वारा इस उपलब्धि के लिए उन्हें सम्मानित किया गया। बुलाए गए अतिथियों में के वीं प्रकाशन, अक्षत जैन सर्राफ,सुदीप जैन, संजीव जैन ( गॉडविन ), मृदुल जैन शिखा जैन, करिश्मा जैन, प्रमोद जैन एग्रो, आलोक जैन स्पोर्ट्स वाले आदि को भी सम्मानित किया गया।

# त्यागी ब्राह्मण विकास समिति द्वारा भव्य होली मिलन समारोह आयोजित

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** त्यागी ब्राह्मण विकास समिति मोदीनगर के तत्वावधान में होली के पावन अवसर पर भव्य होली मिलन, काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नगर स्थित छाया पब्लिक स्कूल (गोविंदपुरी) में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के पूर्व अध्यक्ष दयास्वरूप त्यागी ने की, जबकि मंच संचालन सचिव एवं सभासद ललित त्यागी द्वारा प्रभावशाली ढंग से किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ. अरुण त्यागी एवं कोषाध्यक्ष शिवकुमार त्यागी ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्य वक्ता के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मंजू शिवाच जी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला उत्सव है। उन्होंने समाज की एकजुटता, शिक्षा के प्रसार एवं युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने पर विशेष बल दिया तथा समिति के पुनर्गठन पर शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन विनोद वैशाली ने अपने संबोधन में कहा कि सामाजिक संगठन समाज की वास्तविक शक्ति होते हैं। ऐसे आयोजनों से आपसी संवाद सुदृढ़ होता है और समाज के विकास हेतु नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने सभी से समाजहित में सक्रिय सहभागिता का आ'ान किया साथ ही उन्होंने अमर शहीद मेजर आसाराम त्यागी जी के नाम से भवन बनाने की भी घोषणा की। शिक्षाविद अखिलेश द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक उन्नति शिक्षा के बिना संभव नहीं है। उन्होंने युवाओं से आ'ान किया कि वे आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करें। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने तथा समाज को शिक्षित और जागरूक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र त्यागी ने होली को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने का पर्व बताया तथा युवाओं से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया। वहीं पूर्व अध्यक्ष नत्थू सिंह त्यागी ने समिति की पूर्व गतिविधियों का स्मरण कराते हुए संगठन की मजबूती को समाज की प्रगति का आधार बताया तथा नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में कवि सुरेंद्र त्यागी, आर्नित त्यागी एवं दिव्या त्यागी द्वारा प्रस्तुत काव्य पाठ एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा वातावरण होली के रंग, उमंग और भाईचारे की भावना से सराबोर रहा।

इस अवसर पर नीरज त्यागी, आनंद त्यागी, डॉ. राजीव त्यागी, कुलदीप त्यागी, डॉ. दीपा त्यागी, मोनिका त्यागी, जितेंद्र त्यागी, सुनील त्यागी, अजय त्यागी, प्रमोद त्यागी, आशीष त्यागी, देवराज शर्मा, भीष्म शर्मा, प्रशांत त्यागी, विशेष त्यागी, सुधीर त्यागी, वीरेंद्र त्यागी, महेंद्र त्यागी, अनिल त्यागी, शेखर त्यागी, नवीन त्यागी, अखिल त्यागी, अतुल त्यागी, अमित त्यागी, मोहित त्यागी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी अतिथियों एवं समाज बंधुओं के परस्पर होली की शुभकामनाएं देने एवं सामाजिक सौहार्द के संदेश के साथ हुआ।

# डॉक्टर पूनम गर्ग द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर पूनम गर्ग द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर पूनम गर्ग व डॉक्टर अनिल गर्ग ने सभी अतिथियों का तिलक लगाकर व शॉल पहन कर आदर सत्कार किया। होली मिलन समारोह में बड़ी मात्रा में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर विशेष कर बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान जी' रालोद सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिड्डी ' जिला अध्यक्ष रामपाल' पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रमुख ' महिला आयोग की सदस्य मनीषा अहलावत' राष्ट्रीय उपाध्यक्ष निशा चौधरी ' युवा जिला अध्यक्ष जयदीप सिंह' क्षेत्रीय सचिव बिट्टू खंजरपुर' क्षेत्रीय महासचिव योगेंद्र पतला' राष्ट्रीय महासचिव रिचा' और सरिता आनंदम' राष्ट्रीय सचिव भावना यादव' पंजाबी संगठन की अध्यक्ष शालिनी नय्यर' पूजा' डॉक्टर रिता बक्शी' वंदना ' डॉक्टर शासक्षी' डॉ वरुण' डॉक्टर शुभांगी' डॉक्टर शैंकी' आनंद गोयल जी योगेश फफराना' महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सुमन चौधरी जी' आदि ने अपने विचार रखे और होली मिलन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया डॉ राजकुमार सांगवान जी ने कहा यह होली का पर्व है। इसमें सभी को मतभेद आपसी मनमुटाव भुलाकर एक दूसरे के साथ मिलजुल कर यह त्योहार मनाना चाहिए। चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी व जिला अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा की डॉ पूनम गर्ग ने बहुत बड़ा होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया है। डॉ पूनम गर्ग को कार्यक्रम के लिए बधाई दी और सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी बाद में डॉक्टर पूनम गर्ग ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# प्रेस क्लब मोदीनगर द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** प्रेस क्लब मोदीनगर के तत्वावधान में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। दुल्हन बैकेंट हॉल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार राकेश शर्मा और संचालन प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने किया। उपस्थित लोगों का क्लब के सदस्यों ने पटका एवं माला पहनाकर स्वागत किया। विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने कहा कि मोदीनगर में मीडिया और राजनैतिक लोगों का एक परिवार की तरह रिश्ता है।

शहर के विकास के लिए पत्रकारों की हमेशा अच्छी भूमिका रही है। पूर्व विधायक सुदेश शर्मा ने कहा कि होली एक ऐसा पर्व है, जिसमें सभी तरह के मतभेद को भुला दिया जाता है। मोदीनगर पालिका के चेयरमैन विनोद वैशाली ने कहा कि शहर के विकास के लिए हमेशा उन्हें पत्रकारों का सहयोग मिला है और आगे भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम में फिल्म कलाकार आशीष तिबड़ा ने उनकी शीघ्र रिलीज होने वाली बेवसीरीज का डायलॉग बोलकर कार्यक्रम में चार-चांद लगा दिए। कार्यक्रम में मेरठ निवासी कलाकार राजीव कुमार ने सनी देओल की आवाज में डायलॉग बोलकर कार्यक्रम में समां बांध दिया।

मोदीनगर गन्ना समिति के चेयरमैन राजन चौधरी, पूर्व पालिका चेयरमैन अशोक माहेश्वरी, सब्जी मंडी मोदीनगर के अध्यक्ष जोगेश नेहरा, व्यापारी नेता संजय गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत सदस्य दीपा त्यागी, कांग्रेसी नेता सुनील शर्मा, राजढींगरा, मूलचंद गर्ग, अरुण त्यागी, नीरज त्यागी, सुशील जैन, स्वदेश जैन आदि मौजूद रहे। अतिथियों का पत्रकार संजय तिवारी, योगेश गुप्ता, चंद्रशेखर त्यागी, मनोज नेहरा, आकाश शर्मा, शिवदेव, प्रशांत नेहरा, बिजेंद्र भारती, संजीव वर्मा, नीरज गुप्ता, ब्रहमपाल सिंह, हरभजन सिंह, राशिद अली, कोमल राघव, अमित तिवारी, अमित त्यागी आदि ने स्वागत किया।

# मुरादनगर में शिक्षक संघ का चतुर्थ विशाल भंडारा संपन्न

## विधायक अजीतपाल त्यागी ने पूजा-अर्चना कर किया शुभारंभ, हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ मुरादनगर द्वारा असालतनगर स्थित हनुमान मंदिर में चतुर्थ विशाल भंडारे का आयोजन श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक सहभागिता के साथ किया गया। होली के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे मुरादनगर के विधायक अजीतपाल त्यागी का शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने माला एवं पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक अजीतपाल त्यागी तथा संघ के पदाधिकारियों ने हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना कर भोग लगाया और भंडारे का शुभारंभ



किया। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. अनुज त्यागी ने बताया कि प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रतिवर्ष होली के अवसर पर सभी शिक्षकों के सहयोग से असालतनगर हनुमान मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी कई दिनों से शिक्षक इस आयोजन को लेकर उत्साहित थे और सभी ने बढ़-चढ़कर सहयोग एवं सहभागिता निभाई। विधायक अजीतपाल त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक संघ द्वारा इस प्रकार के पावन कार्यों का आयोजन वास्तव में सराहनीय है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों द्वारा हजारों लोगों को प्रसाद वितरण करना समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मोदीनगर अजीत कुमार सिंह ने भी भंडारे में पहुंचकर हनुमान जी की पूजा-अर्चना की तथा शिक्षकों के साथ प्रसाद वितरण किया।

# पंजाबी मंच एवं महिला पंजाबी मंच द्वारा हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** पंजाबी मंच एवं महिला पंजाबी मंच मोदीनगर एवं कृष्णा इन्वेस्टर बाजार मोदीनगर के सहयोग से एक हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन सनातन धर्म मंदिर गोविंदपुरी में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंकज जौली प्रदेश संयोजक, प्रवीण सेठी प्रदेश संयोजक, वर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद वैशाली जी,पूर्व विधायक सुदेश शर्मा, राम किशोर पूर्व मंत्री,डॉक्टर पवन सिंगल, बबली गुर्जर, पीयूष गुप्ता,थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजकुमार खुराना ने की, जबकि सुनील चावला महासचिव, संजीव चौधरी सचिव, राजेश अरोड़ा ,ललित अरोड़ा संयोजक, राज ढींगरा ,राजीव खुराना मुख्य संरक्षक,



जसमीत निष्काम सेवा दल, डॉ गुरप्रीत सिंह सचदेवा,पवन कुमार, जे पी भूटानी, बी आर अरोड़ा ,राजकुमार ढींगरा,अमित टंडन, आशु भूटानी, रमित भूटानी,अरुण त्यागी प्रिन्सिपल छाया पब्लिक स्कूल,अंकुर अरोरा दशमेश खालसा समिति और श्याम ढींगरा, राजेंद्र सरदार सिलाई मशीन वाले, सरदार गुरमीत सिंह, छबील चावला कोषाध्यक्ष पंजाबी मंच बंटी सरदार , लवली सरदार, रमन वालिया, आशीष चचढ़ा, राहुल अरोड़ा शिवम कोहली पंजाबी मंच के सभी सदस्य उपस्थित थे सभी सदस्यों ने अपना भरपूर योगदान देकर कार्यक्रम को सफल बनाया। मैक्स हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित इस हेल्थ चेकअप कैंप में लगभग 150 से ज्यादा लोगों ने अपनी विभिन्न जांच कराई। जिसमें लीवर फाइब्रो स्कैन, बीएमडी, पीएफटी, फुल बॉडी चेकअप,ईसीजी पी एस ए ( प्रोस्टेट ),महिलाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर के लिए एच पी वी-एल पी एच और अन्य कई टेस्ट किए गए। इस अवसर पर महिला मंच की अध्यक्ष सीमा अरोड़ा , महासचिव आंचल खुराना , वंदना अरोड़ा , रश्मि खुराना , संगीता, शालिनी चौधरी, जैस्मिन कौर ,इंदु मदान, उर्मिला खुराना, ज्योति खुराना दिव्यांशा अरोड़ा, मीनू शर्मा ने भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर गोविंदपुरी गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने भी संपूर्ण योगदान दिया एवं पंजाबी मंच की ओर से उनको पटका पहनाकर एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था।

# वृद्धाश्रम में विश्वकर्मा जांगिड़ समाज द्वारा किया गया होली मिलन समारोह




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** विश्वकर्मा जांगिड़ समाज मोदीनगर द्वारा गोविंदपुरी स्थित वृद्ध आश्रम में होली मिलन समारोह का आयोजन कर समाज के गणमान्य लोगों ने एकता एवं आपसी भाईचारे का संदेश देते हुए धूमधाम से मनाई होली। रविवार को आयोजित होली मिलन समारोह की अध्यक्षता राजाराम जांगिड़ ने की तथा मंच का सफलतापूर्वक संचालन कार्यक्रम आयोजक ध्यान सिंह ने किया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विनोद वैशाली चेयरमैन मोदीनगर उपस्थित रहे चेयरमैन मोदीनगर सहित संगठन प्रभारी मुकेश कुमार जांगिड़ ने अपने संबोधन के दौरान समाज के सभी उपस्थित लोगों को होली मिलन की हार्दिक शुभकामनाएं दी। होली पर्व के मौके पर मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र निवासी जांगिड़ परिवार और विश्वकर्मा परिवार से जुड़े सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।जिन्होंने फूलों की होली के साथ गुलाल लगाकर एक दूसरे को गले लगा कर शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर संजय जांगिड़, कालूराम जांगिड़,सत प्रकाश जांगिड़,ऋषिपाल जांगिड़,ज्ञान सिंह जांगिड़,कृष्णा जांगिड़, शिवानंद जांगिड़,वीरेंद्र जांगिड़, मुकेश जांगिड़ परमिंदर जांगिड़ आदि मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया




अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** मोदी कपड़ा मिल वरकर्स क्लब, निकट कपडा मिल, मोदीनगर के मैदान में पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा द्वारा पूर्व वर्षों की भाँति होली के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 22 वां होली मिलन समारोह एवं रागनी-कम्पटीशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील शर्मा, केबिनट मंत्री, उ.प्र सरकार, डा. राजकुमार सांगवान (सांसद, बागपत), मंजू शिवाच (विधायक, मोदीनगर), विनोद वैशाली (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मोदीनगर) आदि गणमान्य लोगों ने भाग लेकर होली के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और प्रेम और सौहार्द के साथ होली का पावन त्यौहार बनाने की अपील की। इस मौके पर लोगों ने रागनी कंपटीशन का भी आनंद लिया । पूर्व पालिका अध्यक्ष राम आसरे शर्मा, भाजपा के युवा मंडल अध्यक्ष मयंक शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों एवं शहर के गणमान्य लोगों का कार्यक्रम में पधारने पर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंडित ईश्वर दयाल शर्मा, प्रदीप बॉस,मुल्तान शर्मा, पप्पन शर्मा, अरुण खन्ना, मनीष अग्रवाल, संजय शर्मा पिंडी, योगेश फफराना, सतपाल चौधरी, डॉ देवराज शर्मा, एडवोकेट प्रमोद शर्मा, जयप्रकाश शर्मा सहित कई ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

# होली से पहले आबकारी का सख्त एक्शन, 'ऑपरेशन प्रहार' से तस्करों में हड़कंप

## बाहरी राज्यों से अवैध शराब सप्लाई पर 24 घंटे सीमा सील जैसी निगरानी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**एनसीआर।** फागुन का महीना शुरू होते ही रंगों के त्योहार होली की खुमारी चढ़ने लगी है। बाजारों में रौनक है, तैयारियां तेज हैं और इसी के साथ शराब की मांग में भी तेजी आने लगी है। होली के मद्देनजर जहां लोग उत्सव की तैयारी में जुटे हैं, वहीं शराब तस्कर भी सक्रिय हो गए हैं। बढ़ती मांग को देखते हुए बाहरी राज्यों से शराब की खेप मंगाने और अवैध तरीके से स्टॉक खपाने की कोशिशें शुरू हो चुकी हैं। ऐसे में आबकारी विभाग ने पहले से ही मोर्चा संभालते हुए जिलेभर में 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत व्यापक अभियान छेड़ दिया है। इस पूरी तैयारी की कमान जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने खुद संभाली है। उनकी कार्यशैली और सख्त निगरानी व्यवस्था इस बार होली को सुरक्षित और संयमित बनाने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही है।

सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के किसी भी हिस्से में अवैध शराब की बिक्री या तस्करी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी आबकारी निरीक्षकों और टीमों को अपने-अपने क्षेत्रों में चौकसी बढ़ाने और रात में दुकानें बंद होने के बाद भी फील्ड में सक्रिय रहने के आदेश दिए हैं। आबकारी विभाग की टीमें दिन-रात सड़कों पर चेकिंग और छापेमारी कर रही हैं। बाहरी राज्यों से आने वाले वाहनों की विशेष जांच की जा रही है। खासतौर पर दिल्ली और हरियाणा से होने वाली शराब तस्करी को रोकने के लिए सीमाओं पर 24 घंटे निगरानी सुनिश्चित की गई है। हरियाणा के सिरसा और लोहारली बॉर्डर तथा दिल्ली के कालिंदी कुंज बॉर्डर पर तीन शिफ्टों में निरीक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक शिफ्ट में आबकारी, पुलिस और प्रवर्तन विभाग की संयुक्त टीमें तैनात हैं।

जिला आबकारी अधिकारी ने कहा कि शराब की बिक्री और खरीद से संबंधित हर दस्तावेज की जांच की जाएगी। लाइसेंसी दुकानों की भी विशेष रूप से जांच की जा रही है। दुकानों में




रखे स्टॉक का मिलान, बिल और रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है ताकि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर तुरंत कार्रवाई हो सके। सुबोध कुमार श्रीवास्तव की कार्यशैली की खास बात यह है कि वह केवल अवैध तस्करों पर ही नहीं, बल्कि लाइसेंसधारियों पर भी समान रूप से निगरानी रख रहे हैं। उन्होंने साफ किया है कि यदि कोई लाइसेंसी विक्रेता अपने लालच में विभाग की छवि को धूमिल करने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। ब्लैकमेलिंग या अवैध वितरण की किसी भी सूचना को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक आशीष पाण्डेय, अखिलेश बिहारी वर्मा, सचिन त्रिपाठी, डॉ. शिखा ठाकुर, अभिनव शाही, नामवर सिंह और संजय चन्द्र को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिर तंत्र सक्रिय रखने और संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। पिछले वर्षों में होली के दौरान अवैध शराब से जुड़े कुछ मामले सामने आए थे। इन्हीं घटनाओं से सबक लेते हुए इस बार कोई भी चूक न हो, इसके लिए विस्तृत रणनीति तैयार की गई है। अनियंत्रित शराब पार्टियों, बिना लाइसेंस वितरण और बाहरी राज्यों से अवैध आपूर्ति पर विशेष नजर रखी जा रही है। जिला आबकारी अधिकारी ने दोहराया कि बाहरी राज्यों से शराब लाने वाले तस्करों को किसी भी हाल में कानून की गिरफ्त से बचने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभाग की प्राथमिकता आमजन की सुरक्षा और त्योहार को शांतिपूर्ण बनाए रखना है। होली के उल्लास के बीच प्रशासन की यह सतर्कता यह संदेश दे रही है कि कानून से खिलवाड़ करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। 'ऑपरेशन प्रहार' के जरिए आबकारी विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि त्योहार की आड़ में अवैध गतिविधियों को अंजाम देने वालों पर इस बार सख्त कार्रवाई तय है। फिलहाल जिलेभर में चौकसी बढ़ा दी गई है और आबकारी विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। सुबोध कुमार श्रीवास्तव की सक्रिय निगरानी और टीमों की सतत कार्रवाई से उम्मीद है कि इस बार होली का पर्व सुरक्षित, संयमित और कानून-व्यवस्था के दायरे में मनाया जाएगा।

# गाजियाबाद में आयोजित होली मिलन समारोह में

# सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा को दूधेश्वर नाथ मठ के महंत श्री नारायण गिरी जी महाराज ने आशीर्वाद दिया

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर विधायक संजीव शर्मा जी द्वारा आज जानकी भवन, घंटाघर रामलीला ग्राउंड में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। पूरा परिसर रंग, उमंग और भाईचारे की भावना से सराबोर रहा।बहुत ही शानदार सांस्कृतक कार्यक्रम ने लोगो का मन मोह लिया.





इस अवसर पर माननीय सांसद अतुल गर्ग, दूधेश्वर नाथ मंदिर के पूज्य महंत नारायण गिरी जी महाराज, स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मेयर सुनीता दयाल, दर्जा प्राप्त मंत्री विकास गुप्ता, अशोक गोयल, पूर्व मेयर आशु वर्मा,पप्पू पहलवान जी, गोपाल अग्रवाल,राजेश त्यागी अरविन्द भारतीय, पवन गोयल, बलदेव राज शर्मा, विजय मोहन,राजीव त्यागी, रामावतार जिंदल, संजीव गुप्ता, अनिल गर्ग सरदार एसपी सिंह, इंद्रजीत टीटू, रेखा चौधरी, अरुण चौधरी संजय कश्यप,साथ ही सभी समाचार पत्रों के प्रधान संपादक और ब्यूरो चीफ तथा समस्त व्यापार मंडलों के पदाधिकारी समाज व्यापार मंडल एवं प्रशासनिक अधिकारियों की और भाजपा पार्टी के सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## विधायक जी के विचार:

माननीय विधायक जी ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और एकता का प्रतीक है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि विकास कार्यों की गति निरंतर जारी रहेगी और गाजियाबाद को नई ऊँचाइयों पर ले जाने का संकल्प दोहराया।

## मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा जी के शब्द:

मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा जी ने सभी सम्मानित अतिथियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इतनी बड़ी संख्या में जनता की उपस्थिति माननीय विधायक जी के प्रति विश्वास और स्नेह को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जनसंवाद को मजबूत किया जाता रहेगा।

# डासना में कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस सख्त, ACP प्रियाश्री पाल ने किया रूट मार्च

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** आगामी होली के पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से डासना क्षेत्र में पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आया।





प्रियाश्री पाल, सहायक पुलिस आयुक्त वेव सिटी ने थाना वेव सिटी पुलिस बल के साथ क्षेत्र में व्यापक रूट मार्च किया। इस दौरान मुख्य बाजारों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

रूट मार्च का उद्देश्य जहां कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना था, वहीं आमजन में सुरक्षा का विश्वास भी स्थापित करना रहा। पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद कर शांति और आपसी भाईचारे की अपील की।

एसीपी प्रियाश्री पाल ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता या अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर भी सतर्क नजर रखी जा रही है।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना करते हुए इसे भरोसा बढ़ाने वाला कदम बताया। पुलिस प्रशासन ने भी नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को छत से फेंका, हालत गंभीर

गाजियाबाद। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गदाना गांव में दहेज की मांग को लेकर एक विवाहिता के साथ अमानवीय व्यवहार का मामला सामने आया है। आरोप है कि कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने विवाहिता के साथ मारपीट की और जान से मारने के इरादे से उसे छत से नीचे फेंक दिया। गंभीर रूप से घायल पीड़िता का अस्पताल में उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार हापुड़ जिले के पिलखुवा निवासी रेणू का विवाह तीन वर्ष पूर्व गदाना गांव के एक युवक से हुआ था। विवाह के समय युवती के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के बाद से ही पति और उसके परिजन दहेज में पांच लाख रुपये नकद और एक कार की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करते रहे। पीड़िता के अनुसार 21 फरवरी को पति और ससुर ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद उसे छत से नीचे धक्का दे दिया गया। नीचे गिरने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पति राजू, ससुर ब्रह्मप्रकाश, सास रेखा समेत छह लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। एसीपी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आरोपितों के खिलाफ जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है और लोग दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

### कस्टमर केयर कॉल बनी जाल, मोबाइल हैक कर 4.33 लाख रुपये उड़ाए

गाजियाबाद। साइबर अपराधियों ने एक बार फिर शातिर अंदाज में ठगी की वारदात को अंजाम देते हुए राजनगर निवासी सीमा आनंद के बैंक खाते से 4.33 लाख रुपये निकाल लिए। मोबाइल हैकिंग के जरिए की गई इस ठगी से पीड़िता को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। पीड़िता के अनुसार उन्होंने 24 फरवरी को 'अर्बन क्लेप' नामक कंपनी का ऑनलाइन कस्टमर केयर नंबर सर्च कर संपर्क किया था। कॉल पर बात करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए मोबाइल की कुछ सेटिंग में बदलाव कराने के लिए कहा और एक एप डाउनलोड कराया। एप डाउनलोड करते ही उनका मोबाइल हैक हो गया। इसके बाद साइबर ठगों ने उनके बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 4.33 लाख रुपये निकाल लिए। जब खाते से लगातार धनराशि कटने के मैसेज आए तो उन्हें ठगी का एहसास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। मामले में कविनगर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की पहचान कर रकम की रिकवरी के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान नंबर पर भरोसा कर मोबाइल में कोई एप डाउनलोड न करें और न ही निजी बैंकिंग जानकारी साझा करें। थोड़ी सी सावधानी बड़ी ठगी से बचा सकती है।

### कामना अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल से गिरकर 19 वर्षीय युवती की मौत

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के वैशाली सेक्टर-4 स्थित कामना अपार्टमेंट में शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवती की पांचवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक और सनसनी का माहौल है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि शाम करीब तीन बजे युवती के गिरने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवती को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान गायत्री अहिरवाल (19) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के दमोह जिले के लोहारा गांव की निवासी थी और पिछले कई वर्षों से अपने परिवार के साथ वैशाली में रह रही थी। जिस बिल्डिंग से गिरने की घटना हुई, वहीं एक ऑनलाइन पैकेजिंग कंपनी का कार्यालय है, जहां युवती कार्यरत थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में युवती के मानसिक तनाव में होने की बात सामने आई है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### चोरी-छिनैती गैंग पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो बदमाशों पर गैंगस्टर एक्ट

गाजियाबाद। शहर में लगातार बढ़ रही चोरी और छिनैती की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कविनगर पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए सक्रिय गिरोह के दो सदस्यों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने करन सिंह और हिमांशु को नामजद किया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि दोनों आरोपी संगठित तरीके से गैंग बनाकर चोरी, लूट और छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम देते थे। इनके खिलाफ पूर्व में भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी करन सिंह के विरुद्ध पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चोरी और लूट की घटनाएं शामिल हैं। गिरोह शहर के अलग-अलग इलाकों में वारदात कर आम नागरिकों में दहशत फैलाता था। एसीपी ने बताया कि गैंगस्टर ऐक्ट के तहत कार्रवाई का उद्देश्य अपराधियों की आर्थिक और आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाना है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है और अन्य संभावित साथियों की भी जांच की जा रही है। कविनगर पुलिस की इस कार्रवाई को शहर में कानून-व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

# 'संकेत-2026 में प्रतिभा का महासंगम, नृत्य, संगीत, नाटक और फैशन की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** डासना स्थित एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'संकेत-2026 का आयोजन अत्यंत उत्साह, ऊर्जा और प्रतिभा के अद्भुत संगम के साथ संपन्न हुआ। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजे इस भव्य आयोजन ने पूरे विश्वविद्यालय परिसर को उत्सवमय बना दिया और विद्यार्थियों की रचनात्मकता को नया मंच प्रदान किया। दो दिनों तक चले इस महोत्सव में विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, नाटक और फैशन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में कलाकृति, रैप मुकाबला, सारेगामा पा, नुक्कड़ नाटक, बैंडों की जंग, नृत्य उत्सव और वस्त्र प्रदर्शन शामिल रहे। प्रतिभागियों की आत्मविश्वासपूर्ण प्रस्तुतियों, सशक्त अभिनय और आकर्षक परिधान संयोजन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में हर्ष मल्होत्रा, राज्यमंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार, उपस्थित रहे। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक मंच युवाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल ने विद्यार्थियों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत विजेताओं की घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधन की ओर से अखिल अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, श्रीमती शैली अग्रवाल, श्रीमती मोनिका अग्रवाल, श्रीमती नेहा अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, पीयूष श्रीवास्तव, विमल कुमार शर्मा, अजय कुमार यादव, पी. एस. साहनी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।





# क्राइम ब्रांच बनकर 35 लाख की लूट! 'ऑपरेशन प्रहार' में ठग गिरोह का भंडाफोड़

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना मुरादनगर पुलिस ने ऑपरेशन प्रहार के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ठग गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 10 लाख 30 हजार रुपये नकद और एक कार बरामद की है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि थाना मुरादनगर पर 22 फरवरी को पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार वह अपने एक साथी के साथ जमीन का एग्रीमेंट करने के लिए 35 लाख रुपये लेकर तहसील मोदीनगर आ रहा था।





रास्ते में फुरकान नामक व्यक्ति ने उसे अपनी गाड़ी में बैठा लिया और 35 लाख रुपये से भरा बैग अपनी कार में रख लिया।इसी दौरान एक अन्य कार उनकी गाड़ी के आगे आकर रुकी, जिसमें सवार कुछ लोगों ने खुद को क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताया। आरोपियों ने पीड़ित को अपनी गाड़ी में बैठा लिया और रुपयों से भरा बैग भी साथ ले लिया। कुछ दूरी पर पीड़ित को उतारकर आरोपी 35 लाख रुपये लेकर फरार हो गए।

शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामला पंजीकृत कर जांच शुरू की और विशेष टीमों का गठन किया। सीसीटीवी फुटेज और मैनुअल इनपुट की मदद से पुलिस ने बरेली निवासी फुरकान और दिल्ली निवासी विनोद चौहान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार इस गिरोह का सरगना फुरकान है, जिसके खिलाफ पूर्व में भी ठगी के कई मुकदमे दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस शेष रकम की बरामदगी और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

# कौशांबी सेंट्रल पार्क में रंगों की बहार, पप्पू चौपाल ने मनाया होली मिलन समारोह

## गुलाल, गीत-संगीत और मिठास के संग मना उल्लास का पर्व

वेलकम इंडिया संवाददाता

**गाजियाबाद।** कौशांबी सेंट्रल पार्क रंगों और उमंग से सराबोर नजर आया जब पप्पू चौपाल द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पार्षद कुसुम मनोज गोयल उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों को होली की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक है। इस प्रकार के आयोजनों से समाज में एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम के दौरान पप्पू चौपाल के सक्रिय सदस्य राज शर्मा का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की। इस अवसर पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया, जिससे समारोह का उल्लास और भी बढ़ गया। होली मिलन समारोह में रंगों के साथ-साथ गीत-संगीत और नृत्य का भी विशेष आकर्षण रहा। सभी ने मिलकर पारंपरिक होली गीतों पर झूमकर नृत्य किया और मिठाइयां बांटकर पर्व की खुशियां साझा कीं। पूरा वातावरण हंसी-खुशी और भाईचारे के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर राकेश जाखेटिया, राज शर्मा, मनीष जैन, पवन गुप्ता, गौरव वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता अवधेश कटिहार, प्रदीप भटनागर, राकेश स्वामी, जुगल अग्रवाल, रवि पटेल, नरेंद्र सिंह, राधा रमन बंसल, प्रेम गोगिया, रविंद्र नागर, अशोक गर्ग, ब्रिगेडियर दिनेश माहेश्वरी, सरदार जसपाल जी, अशोक माहेश्वरी, मनीष मनोदिया, मुदित दीक्षित, राजेंद्र गोयल, नीलांश गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम ने सामाजिक समरसता और पारस्परिक प्रेम का सुंदर संदेश दिया।




# होली और रमजान के त्योहारों को लेकर गाजियाबाद पुलिस पूरे अलर्ट मोड पर जगह-जगह चलाएं चेकइन अभियान

## पुलिस कमिश्नर जे रविन्द्र गौड ने सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में आगामी त्योहारों होली और रमजान ईद के मद्देनजर पुलिस ने ० सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करते हुए पैदल मार्च किया है । इस दौरान विशेष चेकिंग अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है । गाजियाबाद कमिश्नर के दिशा-निर्देशन में पैदल मार्च के साथ ड्रोन कैमरों से नजर रखी जा रही है। जिसमें शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान और पैदल मार्च किया जा रहा है।





इस दौरान एडिशनल पुलिस कमिश्नर राज करण नय्यर ने बताया कि त्योहारों के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विशेष रूप से हुड़दंग, जबरन रंग लगाने या माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

महिला सुरक्षा को लेकर भी पुलिस ने खास इंतजाम किए हैं। डायल 112 पर आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग की जाएगी और महिलाओं से छेड़छाड़ या अभद्र व्यवहार की शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा पीआरवी, मिशन शक्ति और एंटी-रोमियो स्क्वॉड की टीमों को भी क्षेत्र में मुस्तैद कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके। गाजियाबाद में डीसीपी ट्रांसहिंडन निमिष पाटिल खुद सड़क पर उतरे है और भारी पुलिस बल के साथ क्षेत्र लगातार पैदल मार्च किया जा रहा है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हमारे संवाददाता प्रमोद सिंह ने उनसे खास बातचीत की उन्होंने बताया कि होली जलाने के स्थान चिह्नित किए गए हैं और सभी स्थानों पर पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे। अगर कोई त्योहारों में खलल डालता है या हुड़दंग करता है उसके विरुद्ध शख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही बोर्ड के एग्जाम चल रहे हैं तो तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक है और जो नियमों का उल्लंघन करेगा उस कार्यवाही की जाएगी। वहीं पुलिस ने आमजन से अपील की है कि त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें